हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 27 मई 2026



# जंगल में जलस्रोत के समीप मोर सहित कई पक्षियों की रहस्यमयी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

वनांचल के ग्राम दल्लीखोली, लछना के जंगल से सामने आए एक वायरल वीडियो ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया है। जंगल के भीतर एक जलस्रोत के पास बड़ी संख्या में पक्षियों और जंगली-जानवरों के शव मिलने से वन विभाग भी अलर्ट हो गया है। मामला सामने आने के बाद मौत की वजह को लेकर कई तरह की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक वन्यजीव और प्रकृति प्रेमी मुकेश वर्मा दोपहर के समय बर्ड वॉचिंग और नेचर फोटोग्राफी के लिए दल्लीखोली के जंगल गए थे। घूमने के दौरान उन्हें सबसे पहले एक ग्रेटर रैकेट टेल्ड ड्रोंगा मृत हालत में मिला। इसके बाद जब उन्होंने आसपास का इलाका देखा तो हैरान रह गए। जलस्रोत के आसपास कई पक्षी और जंगली-जानवर मृत पड़े थे। मुकेश वर्मा ने पूरे घटनास्थल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया। वीडियो वायरल होते ही इलाके में सनसनी फैल गई। वायरल वीडियो में एक नर मोर, दो मादा मोर, तीन एशियन पाम सिवेट समेत कई पक्षियों के शव दिखाई दे रहे हैं। इनमें रुफस ट्रीपाई, ओरिएंटल मैगपाई रॉबिन, जंगल आउलेट जैसे पक्षी भी शामिल बताए जा रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक ही जगह इतने अलग-अलग वन्य जीव आखिर कैसे मरे?

## जानवरों की मौत के वायरल वीडियो से मचा हड़कंप, एक्शन में आया विभाग

### दोषियों पर हो कार्रवाई

जानकारों का कहना है कि एक ही जगह इतने पक्षियों और जानवरों का मृत मिलना सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। खासकर मोर और सिवेट जैसे वन्य जीवों की एक साथ मौत ने मामले को और गंभीर बना दिया है।लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच और जानबूझकर जलस्रोत में जहरीला पदार्थ मिलाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### महकमे ने शुरू की जांच

मामले की गंभीरता को देखते वन विभाग की टीम जांच में जुट गई है। विभाग फिलहाल जहर खुरानी, भीषण गर्मी और पानी की कमी, इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रहा है। मौके से पानी और अन्य सैंपल लिया गया है। मृत वन्य जीवों का पोस्टमार्टम कराए जाने की भी तैयारी की जा रही है, ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके।



### हीट वेव के कारण मौत

रायपुर से आए पक्षी विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि प्रथम दृष्टया पक्षियों की मौत हीट वेव के कारण हुई है। जरूरी अंगों का केमिकल परीक्षण करने के बाद ही स्पष्ट कारण का पता चल पाएगा। विभाग ने पीएम बाद पक्षियों का अंतिम संस्कार कर दिया है।

- पंकज सिंह राजपूत, डीएफओ

### जलस्रोत में जहर मिलाने की आशंका

मुकेश वर्मा ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आशंका जताई है कि जलस्रोत में किसी जहरीले रसायन या पदार्थ को मिलाया गया हो सकता है। जिससे पानी पीने के बाद इन बेजुबान जानवरों और पक्षियों की मौत हुई होगी। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## एक महिला समूह को दस-दस वार्ड का ठेका, सत्ता पक्ष के नेता ही कर रहे संचालन

# तीन समूह के भरोसे 29 वार्डों की सफाई करोड़ों खर्च के बाद भी शहर में गंदगी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि जनसरोकार

लंबे समय से ठेके पर चल रहे वार्डों में सफाई व्यवस्था बदहाल होने का मामला सामने आ रहा है। ठेके वाले वार्ड में अनुबंध से कम कर्मचारी रखकर काम करवाने के चलते वार्डों में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है। रामनगर, लखोली, बसंतपुर सहित दूरस्थ वार्डों में महज खानापूर्ति सफाई दिखाई देती है। इन क्षेत्रों की नालियां भरी रहती है। सड़क के इर्द-गिर्द कचरा फैला हुआ रहता है। कई वार्ड में तो सड़क पर झाड़ू भी नहीं लगता। लंबे समय से एक ही महिला समूह द्वारा सफाई ठेका चलाए जाने से भी व्यवस्था बिगड़ी हुई है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 सहित लंबे समय से सफाई ठेके पर चल रहे वार्डों में सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए फूंके जा रहे हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था केवल औपचारिकता ही दिखाई देती है। महिला समूह को दिए गए सफाई ठेके में समूह की जगह अन्य लोगों द्वारा पर्दे के पीछे सफाई ठेके का संचालन किया जा रहा है। एक-एक महिला समूह को 10-10 वार्ड का ठेका मिला हुआ है। जिससे व्यवस्था बिगड़ी हुई है। सफाई ठेके के लिए सार्वजनिक रूप से टेंडर का व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं होने के चलते अन्य महिला समूह टेंडर नहीं भर पाते हैं और गुपचुप तरीके से टेंडर पूर्ण हो जाता है। शहर में सैकड़ों महिला समूह संचालित है, लेकिन सफाई का कार्य लंबे समय से चुनिंदा महिला समूहों को ही कार्य आखिर कैसे मिल रहा है, इस पर भी सवाल है।



### खास बातें

- भाजपा के पूर्व पार्षद के अलावा महिला नेत्री के नाम भी आ रहे सामने
- नेताओं-अफसरों की सांठगांठ से हो रहा सफाई ठेके का संचालन

### संख्या से कम कर्मी

नगर निगम द्वारा सफाई ठेके में हर माह लगभग 42 लाख 39 हजार 648 रुपए खर्च हो रहे हैं। इसके बाद भी ठेके पर दिए गए वार्डों में सफाई व्यवस्था बदहाल है। ठेके पर चल रहे वार्डों में कर्मचारी कम रखकर काम कराया जा रहा है। आसपास लगा हुआ वार्ड होने के चलते उन्हीं कर्मचारियों को एक से दूसरे वार्डों में भेजा जा रहा है। जबकि हर वार्ड के लिए महिला समूह द्वारा लगभग 8 से 15 के बीच कर्मचारियों की संख्या दिखाई गई है, लेकिन वार्डों में 5 से 7 कर्मचारी ही नजर आते हैं। कुल 29 वार्डों के लिए सफाई कर्मचारियों की कुल संख्या 309 निर्धारित है।

### समूह की आड़ में नेता चला रहे ठेका

मिली जानकारी के अनुसार महिला समूह को शहर के 10-10 वार्ड का ठेका तो दे दिया गया है, लेकिन पूरे वार्ड में महिला समूह द्वारा खुद काम नहीं किया जा रहा है। महिला समूह ने इन वार्डों को अन्य नेताओं को ठेके पर दे दिया है और वार्ड की सफाई व्यवस्था कई पूर्व पार्षद और राजनीतिक पार्टी से जुड़े लोग संभाल रहे हैं।

### लाखों रुपए हो रहा खर्च

वार्ड क्रमांक 1, 4, 8, 10, 13, 19, 21 व 41 और रात्रिकालीन सफाई का काम बैला पसरा वार्ड नंबर 16 की सरस्वती महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। इसमें कुल 9 वार्डों में लगभग 13 लाख 9 हजार रुपए प्रतिमाह की दर पर सफाई ठेका दिया गया है। इसी तरह वार्ड नंबर 6, 7, 15, 16, 17, 18, 23, 46 व 51 और हाट बाजार सफाई ठेका लखोली वार्ड नंबर 32 की लखोली महिला कृष्णा स्वयं सहायता समूह को दिया गया है। इसके लिए इस समूह द्वारा 10 वार्ड में सफाई हेतु लगभग 13 लाख 34 हजार रुपए और वार्ड नंबर 22, 24, 32, 33, 35, 39, 40, 42, 44 और 47 की सफाई व्यवस्था कौरिनभाठा वार्ड नंबर 45 की भाग्य लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह संभाल रही है। इसके लिए इस समूह को 14 लाख 57 हजार की दर से भुगतान होता है। ठेका वाले प्रत्येक वार्ड में लगभग डेढ़ से 2 लाख रुपए सफाई पर खर्च हो रहा।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बीमारी का झांसा देकर 3 लाख की ठगी




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने के बाद एक युवक को बीमारी का बहाना बनाकर भावनात्मक रूप से झांसा देकर तीन लाख रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो युवतियों व एक युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा थाना बसंतपुर में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी पहचान माह अप्रैल 2024 में इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी मोनू कुमार चिरावतकर, कविता तथा सोनल से हुई थी। पहचान बढ़ने के बाद आरोपियों द्वारा प्रार्थी से मोबाइल के माध्यम से लगातार बातचीत की जाने लगी। बातचीत के दौरान आरोपियों द्वारा स्वयं को ब्लड कैंसर, माईग्रेन एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित होना तथा परिवार द्वारा प्रताड़ित किया जाना बताया गया। आरोपियों द्वारा कभी मां एवं बहन को पैसे देने तो कभी राशन एवं इलाज के नाम पर प्रार्थी से रकम की मांग की जाती रही।

### तीन मोबाइल भी किए जब्त

पुलिस के अनुसार इस मामले में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में थाना स्तर पर विशेष टीम गठित कर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। आरोपी मोनू कुमार चिरावतकर, कविता तथा सोनल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 3 नग मोबाइल फोन जब्त कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपियों को जेल दाखिल किया गया।

### रकम वापस मांगने पर धमकी

प्रार्थी आरोपियों की झूठी एवं भावनात्मक बातों में आकर अलग-अलग किस्तों में 3,00,000 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर चुका था। बाद में स्वयं के साथ धोखाधड़ी होने की जानकारी मिलने पर जब प्रार्थी द्वारा अपनी रकम वापस मांगी गई, तब आरोपियों द्वारा उसे झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दी जाने लगी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 318(4), 308, 351(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# ईद-उल-अजहा का त्यौहार 28 को ईदगाह में विशेष नमाज की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ईश्वर के प्रति प्रेम, समर्पण एवं त्याग की भावना का प्रतीक मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईद-उल-अजहा 28 मई को मनाया जाएगा। इसके लिए ईदगाह में विशेष नमाज की तैयारी की जा रही है। वहीं बारिश की स्थिति में ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज मस्जिदों में अदा होगी।

ईद-उल-अजहा यानी खुशी और त्याग का पर्व भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। वहीं इस मौके पर सुबह 8 बजे विशेष नमाज के बाद शहर एवं मुल्क की तरक्की, खुशहाली और अमन चैन के लिए दुआएं मांगी जाएगी। जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने बताया कि उर्दू महीने जिल-हिज्जा के चांद की शरई तस्दीक के बाद ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया जाता है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि वे कुर्बानी को शरीअत के दायरे में रहकर सादगी और सामाजिक ज़िम्मेदारी के साथ अंजाम दें। उन्होंने कहा कि कुर्बानी अल्लाह की रज़ा के लिए की जाती है।



### कुर्बानी का पैगाम

ईद-उल-अजहा खुदा की राह में कुर्बानी का पैगाम देती है। मैदाने-अराफात में हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को खुदा की राह में कुर्बान करने की तैयारी की थी, वह उनका इम्तिहान था, इसीलिए ईदुल-अजहा पर कुर्बानी करने का हुक्म है।

### हज होती है मुकम्मल

अधिवक्ता एवं समाजसेवी हाजी हलीम बख्श गाजी ने बताया कि इस अवसर पर दुनियाभर के मुसलमान पवित्र मक्का पहुंचकर खान-ए-काबा का तवाफ करते हैं और इस्लाम धर्म के पांचवे स्तंभ हज का फर्ज अदा करते हैं। यह पर्व विश्व में पारस्परिक श्रद्धा से मनाया जाता है और मुस्लिम भाई इस दिन अपने घरों में कुर्बानी की रस्म अदा कर अपना ईमान ताजा करते हैं।

## मृत वृद्ध की शिनाख्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के रेलवे टिकट बुकिंग आफिस के पास एक बुजुर्ग मृत अवस्था में पड़ा था। जिसकी सूचना मिलने पर



पुलिस ने मृतक को मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवाया है। मृतक की शनाख्ति नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे टिकट बुकिंग के पास 24 मई की रात्रि लगभग 8.35 बजे एक वृद्ध मृत अवस्था में मिला है। मृतक का हुलिया पतला-दुबला, रंग गोरा, पीला चेक, फुल शर्ट, धोती पहना हुआ था। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक को मेडिकल कॉलेज के शव गृह में रखवाया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की शिनाख्ति करने का प्रयास कर रही है।

# बिल भुगतान के लिए लगवाए चक्कर, ठेकेदार ने उप-अभियंता को कार्यालय में जमकर पीटा

## आरोपी ठेकेदार गिरफ्तार, कार्यालय में अश्लील गाली-गलौज भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बिल भुगतान की बात को लेकर डोंगरगांव नगर पंचायत कार्यालय के भीतर घुसकर आरोपी ने हंगामा करते उप अभियंता से मारपीट किया। जिससे यहां सनसनी फैल गई थी। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 25 मई को प्रार्थी कृपाराम बर्मन 56 वर्ष निवासी डोंगरगांव द्वारा थाना डोंगरगांव में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह नगर पंचायत डोंगरगांव में उप अभियंता के पद पर पदस्थ है। 25 मई को दोपहर लगभग साढे 3 बजे अपने कार्यालय कक्ष में शासकीय कार्य कर रहे थे।

### आरोपी पर पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में थाना डोंगरगांव की पुलिस टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी कर आरोपी हरिशंकर साहू 34 साल निवासी वार्ड नं. 13 मटिया को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जो घटना दिनांक को घटना कारित स्वीकर करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में प्रशिक्षु आईपीएस आदित्य कुमार, थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर, प्रधान आरक्षक सुरेश राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बिल भुगतान की बात पर मारपीट

उसी दौरान आरोपी हरिशंकर साहू 34 वर्ष निवासी वार्ड नं. 13 मटिया कार्यालय में पहुंचकर बिल भुगतान की बात को लेकर अश्लील गाली-गलौज करने लगा तथा जान से मारने की धमकी देते हाथ मुक्के से मारपीट किया। जिससे प्रार्थी को चोंट आई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगांव में धारा 296, 115(2), 351(2), 121(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## योजना के पहले चरण के लिए 32 नगरीय निकायों का चयन

# घुमका, खैरागढ़ और छुईखदान आदर्श शहर समृद्धि योजना में शामिल, होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के शहरी बुनियादी ढांचे को आधुनिक और सुदृढ़ बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी पहल आदर्श शहर समृद्धि योजना शुरू की है। इस योजना के पहले चरण के लिए राज्य के 32 नगरीय निकायों का चयन किया गया है। जिसमें अविभाजित राजनांदगांव जिले के तीन शहर खैरागढ़, घुमका और छुईखदान को शामिल किया गया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस योजना का उद्देश्य शहरों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है।

प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार योजना के तहत मुख्य रूप से इन कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। बुनियादी सुविधाएं सड़क, ड्रेनेज, जलापूर्ति और परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाना। सामाजिक बुनियादी ढांचा-पार्क, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना। स्मार्ट और सुरक्षित शहर-ई-गवर्नेस, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, सुरक्षा प्रणाली और शिकायत निवारण तंत्र को लागू करना। सतत विकास हरित क्षेत्रों का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग और जल संरक्षण के कार्य करना।




### अधोसंरचना के होंगे काम

आदर्श शहर समृद्धि योजना के माध्यम से नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना, जन सुविधाओं और रोजगार के नए अवसरों को सुनियोजित ढंग से विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार छोटे शहरों को भी बड़े शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा यह योजना प्रदेश के शहरी विकास को नई गति और नई दिशा देने का काम करेगी।

### नागरिकों को मिलेगी सेवाएं

इस योजना के माध्यम से सड़क, जलापूर्ति, ड्रेनेज, स्मार्ट सुविधाओं, हरित क्षेत्र और नागरिक सेवाओं को मजबूत किया जाएगा। कार्यों के चयन के लिए संभाग स्तरीय समितियों का गठन कर प्रक्रिया को पारदर्शी और परिणाम मुखी बनाया है तथा सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के हर नगर में नागरिकों को बेहतर अधोसंरचना और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



## खबर संक्षेप



### ईंधन बचाने व्यापारियों की सराहनीय पहल

**चौकी।** चेंबर आफ कॉमर्स व्यापार ने राजनांदगांव में गत दिनों महा अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में शामिल होने के लिए नगर के व्यापारियों ने बस का उपयोग किया। व्यापारियों की इस पहल से डीजल की बचत हुई साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश आम जनता तक पहुंचा। इस पहल के लिए विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने व्यापारियों की तारीफ करने के साथ सम्मान किया।

### सकरी सड़क बनी मुसीबत



**तुमड़ीबोड़।** जिला कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के सचिव सतीश कोठारी ने मचानपार से तुमडीबोड़ के बीच पुल के पास आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मचानपार मोड़ पर सड़क काफी सकरी है और अंधा मोड़ होने के कारण आए दिन वाहन पलट रहे हैं। गत 25 मई को भी ट्रक पलट गया। इसके पहले भी इस मोड़ पर कई हादसे हो चुके हैं। कोठारी ने प्रशासन से मोड के पास चौड़ीकरण, स्पीड ब्रेकर, चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है ताकि लोगों की जान बचाई जा सके।

### अर्पित किया श्रद्धासुमन



**डोंगरगढ़।** शहर और ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शहादत दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया। 25 मई 2013 को हुए नक्सली हमले में शहीद नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं अन्य को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल,शहर अध्यक्ष हरीश भंडारी, ग्रामीण अध्यक्ष पंचराम चंदेल, संध्या देशपांडे,नलिनी मेश्राम, शिशुपाल भारती, रिम्मी भाटिया, चुम्मन साहू, नरेश करसे, जितेंद्र भाटिया, मतीन खान, संजय यादव, विजयराज चौहान, बबलू शांडिल, रामजी तराने, गणपत रजक, दुलीचंद बडोले, जगतारण यादव, केशव टांडी, मयूर हथेल, सुरेंद्र अंबादे, दिनेश साखरे, सारिका बडोले, रेखा खोबरागड़े, प्रमोद टेंभुर्णिकर, रमेश साखरे, निधि गजभिए, अमरीश टांडिया, ललित साखरे, ओमप्रकाश महानदी, पुरुषोत्तम चेलक, के विनायक राव, सुमित कुमार, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, हरक पटेल, नरसिंह वर्मा, मोहन साहू, दयाल साहू, घनश्याम साहू, रामेश्वर कंवर, अकिल खान, घनश्याम सहित अन्य उपस्थित थे।

### सालों से जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

# बनाना है 6 किमी लंबी सड़क, 100 मीटर निर्माण के बाद काम अटका

## निर्माण की मियाद खत्म, काम अब तक अधूरा, विभागीय लापरवाही उजागर

## ठेकेदार ने कहा : निर्माण के लिए नहीं मिल रहा डामर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत लीमो, लालपुर, बरबसपुर, पेंडरवानी और चीलगुडा के ग्रामीणों में प्रशासन और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों के गुस्से की वजह पिछले 20 वर्षों से जर्जर सड़क है, जिसे दोबारा बनाने के लिए सालों मिन्नतें और दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद टेंडर तो हुआ, लेकिन धरातल पर काम शुरू होते ही बंद हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण बीते 5 साल से अधिक समय से लीमो से चिलगुड़ा होते हुए साजा-बेमेतरा जाने वाले मार्ग को दुरुस्त करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने दर्जनों बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों, मंत्रियों और उच्चाधिकारियों को आवेदन सौंपकर सड़क की बदहाली से अवगत कराया। जनसमस्या निवारण शिविर में गुहार लगाने के बाद प्रशासन ने सुध ली और सड़क नवीनीकरण का टेंडर जारी किया। ठेकेदार ने काम शुरू किया, लेकिन पेंडरवानी और चीलगुडा के बीच स्थित पुल पर महज 100 मीटर निर्माण के बाद बाद अचानक काम रोक दिया गया। जिसके बाद से ही निर्माण ठप है। रुके काम को दोबारा चालू कराने के लिए परेशान ग्रामीण एक बार फिर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा।

### मियाद खत्म, धरातल पर काम गायब

कार्यस्थल पर लगे सरकारी सूचना बोर्ड के अनुसार यह कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत किया जा रहा है। लिमो से चिलगुड़ा तक मार्ग की लंबाई 6.40 किलोमीटर है, जिसमें से 5.95 किलोमीटर हिस्से पर डामरीकरण होना है। इस निर्माण के लिए 269.55 लाख की स्वीकृति मिली है। सूचना बोर्ड के अनुसार, इस सड़क के रखरखाव की अवधि कार्य पूर्ण होने के बाद से अगले 5 वर्षों तक निर्धारित है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस कार्य की आधिकारिक शुरुआत 15 जनवरी 2026 को हुई थी और अनुबंधित एजेंसी नंदिनी कंस्ट्रक्शन, राजनांदगांव को इसे 14 मई तक पूरा करना था। तय समय-सीमा बीत जाने के बाद भी सड़क जस की तस पड़ी है।



### शीघ्र शुरू होगा काम

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने बताया कि एक हफ्ते के अंदर गाँव में सड़क और नाली का निर्माण आरंभ हो जाएगा। डामर संकट का निराकरण होने के बाद बाकी सड़क का भी निर्माण आरंभ हो जाएगा।

### 15 जून के बाद निर्माण पर लग जाएगी रोक

15 जून के आसपास मानसून सक्रिय हो जाता है ऐसे में सड़क निर्माण पर रोक लगा दिया जाता है। ठेकेदार ने जल्द ही कार्य आरंभ नही किया तो सम्भवतः इस वर्ष सड़क का कार्य पूर्ण नहीं हो पाएगा और ग्रामीणों को बरसात में पानी भरे हुए गड्ढों से गुजरना पड़ेगा। छात्र छात्राओ को इस परेशानी से दो चार होना पड़ेगा।

### साजा-बेमेतरा को जोड़ने वाला शार्टकट रास्ता

उपसरपंच दिलेश्वर साहू, भूपेंद्र धुर्वे, पंच दिनेश रजक, भूपेंद्र रजक, नरेश साहू, टीकम साहू, जीवन साहू, रामानुज रजक, रेवा रजक, शिव साहू, घनश्याम साहू, अश्वनी रजक, पीताम्बर साहू, शिवकुमार रजक, विश्राम साहू, नैनो विश्वकर्मा, मानसिंह रजक, वैशाखू साहू, पुष्पेंद्र रजक, विनोद धुर्वे, प्रवीण साहू, रघुवीर रजक, युवराज साहू, बलराम रजक व नाथु रजक ने बताया कि गंडई से बेमेतरा जाने के लिए यह मार्ग शार्ट-कट है। लोग बिरोडा मार्ग के लंबे चक्कर से बचने के लिए इसी रास्ते का ज्यादा उपयोग करते हैं। दिन-रात छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही से व्यस्त रहने वाले इस मार्ग से करीब 5 हजार से अधिक की आबादी जुड़ी हुई है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ नहीं किया गया, तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे।

### सड़क पर बहता है पानी

पेंडरवानी निवासी मुकेश साहू ने एक और बड़ी समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि गांव में सड़क को क्रॉस करते हुए एक नाली बनाई गई थी। भारी वाहनों के लगातार गुजरने से यह नाली क्षतिग्रस्त हो चुकी । नाली में सड़क का मलबा जमा हो गया है। पानी का बहाव अवरुद्ध होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी और बारिश का पानी सड़क पर जमा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण या डामरीकरण शुरू करने से पहले इस नाली की मरम्मत करना नितांत आवश्यक है।

### ठेकेदार का दावा- डामर की किल्लत

जब काम बंद होने का कारण जाना गया, तो नंदिनी कंस्ट्रक्शन राजनांदगांव के इंचार्ज सुपरवाइजर मनीष वर्मा ने अजीब बहाना बनाते हुए कहा कि कहीं से भी डामर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण सड़क का कार्य रोकना पड़ा है। जांच का विषय यह है कि क्या सचमुच मे डामर की किल्लत है, या फिर ठेकेदार का कोई पुराना भुगतान अटका हुआ है जिसके कारण वह काम आगे नहीं बढ़ा रहा है। वस्तुस्थिति जानने जब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

### विपक्ष का प्रदर्शन भी बेअसर

यह सड़क राजनीति और विरोध का केंद्र भी रह चुकी है। पेंडरवानी के पास मार्ग इस कदर जर्जर हो चुही है कि कुछ वर्ष पहले कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ कीचड़युक्त गड्ढों में धान की रोपाई कर प्रदर्शन किया था। लेकिन अब ठेकेदार की मनमानी से सड़क अधर में लटक गई है।

# भाजपा राज मिलेगी विकास को गति

## भाजपा अध्यक्ष ने बैठक में कार्यकर्ताओं को दिए दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

नगर पंचायत चुनाव के निर्णायक मोड़ पर पहुंचने क बीच मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव यहां पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं, बूथ प्रभारी, वार्ड प्रभारी तथा उम्मीदवारों की बैठक ली।

बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि घुमका के विकास के लिए भाजपा पूरी तरह से लगी है। वर्तमान में 8 करोड़ क विकास कार्य नगर में चल रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि अगर नगर पंचायत अध्यक्ष किरण वर्मा एवं पार्षद भाजपा के होंगे तो आने वाले समय में घुमका का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को अपशब्द कहकर सदैव देश का अपमान किया है।महिला आरक्षण का विरोध करने वाली कांग्रेस ने मातृशक्ति का अपमान किया है इसलिए भाजपा ने मातृशक्ति का मान सम्मान किया है।

### जोशीला स्वागत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंहदेव का भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर से स्वागत किया।भाजपा कार्यालय में उन्होंने संगठानात्मक गतिविधियों पर चर्चा की। श्री सिंहदेव ने घुमका को आदर्श नगर बनाने के लिए संकल्प पत्र लोगों को समर्पित किया।उन्होंने सभी प्रत्याशी एवं कार्यकर्ताओं से 1 जून को होने वाले चुनाव में जुट जाने का आव्हान किया। इस दौरान चुनाव प्रभारी ललित चंद्राकार, चुनाव संचालक मधुसूदन यादव, संगठन प्रभारी जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, किरण बारले, सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, डिकेश साहू, राजेश श्यामकर, मूलचंद लोधी, नरेंद्र वर्मा, जनक साहू, ललित साहू, नोहेन्द्र वर्मा, बहल वर्मा, केशव जंघेल, शांति निर्मलकर, लूणकरण वर्मा, रवि सिन्हा, अरुण शुक्ला, विजय सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

# बूथ लेबल तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर



- भाजपा की बैठक में कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला भाजपा के निर्देशानुसार मंगलवार को शक्ति केंद्र नागरकोहरा की बैठक ग्राम बिसाहुटोला में आयोजित की गई। बैठक में बूथ अध्यक्ष, सचिव, बीएलओ -2 एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

बैठक संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक में जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर जनसंपर्क बढ़ाने, योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन की रीति-नीति को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। शक्ति केंद्र प्रभारी किरण वैष्णव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सदैव सेवा, संगठन और समर्पण की भावना के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने शक्ति केंद्र स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय करने पर जोर दिया। बैठक में खिलेंद्र साहू, कुमदास साहू, सीमा कंवर, बृजलाल, हेमराय साहू, रवि वैष्णव, बालाराम साहू, खेमचंद साहू, दुर्योधन साहू, बलराम साहू, फगुआ राम मंडावी, बिमल पटेल, शकुन गंधर्व, सुनीता पटेल, लता यादव, कुमारी यादव, कीर्तिबाई, रघुनंदन, संतराम साहू सहित अन्य शामिल हुए।

# भारी वाहनों की आवाजाही, ग्रामीणों की बढ़ी दिक्कतें

**डोंगरगढ़।** मुर्गी मल एवं उदंती सड़क पर रोजाना भारी वाहनों की आवाजाही से स्थानीय नागरिकों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़क पर दिनभर दौड़ते भारी वाहनों के कारण धूल, गंदगी और जाम की समस्या लगातार बढ़ रही है।

लोगों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, जिनमें अधिकांश भारी वाहन होते हैं। इन वाहनों से उड़ने वाली धूल के कारण आसपास के घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों में गंदगी फैल रही है। स्थिति यह हो गई है कि लोगों को घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद रखना पड़ रहा हैं। धूल के कारण बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि सड़क की स्थिति भी लगातार खराब होते जा रही है। जगह-जगह गड्ढे होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। भारी वाहनों की तेज



रफ्तार से लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने खराब सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग रखा है।

# 4 जून को डी. एड प्रवेश परीक्षा, 22 केंद्रों में 6712 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**राजनांदगांव।** जिले में 4 जून 2026 को छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित डीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले में कुल 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 6712 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

परीक्षा सुबह 10 बजे से अपरान्ह 1.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिए जाएंगे। जिसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग, कैलकुलेटर, इयरफोन, धात्विक वस्तुएं तथा किसी भी प्रकार की नकल सामग्री लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षार्थियों को केवल नीले अथवा काले बॉल पेन की अनुमति होगी। साथ ही परीक्षार्थियों को आधी बांह वाले सादे एवं हल्के रंग के कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना होगा। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक केंद्र में हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से अनिवार्य फ्रिस्किंग, मैनुअल पैट-डाउन चेक एवं प्रवेश प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मियों तथा पुरूष परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग पुरूष पुलिस कर्मियों द्वारा की जाएगी। परीक्षा के सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता दल, नोडल अधिकारी, पुलिस नोडल अधिकारी एवं पर्यवेक्षक दल की नियुक्ति की गई है, जो परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचे, आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन में सहयोग प्रदान करें।

# अवैध शराब बिक्री की शिकायत कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- ग्रामीणों ने रखा शराब दुकान खोलने की मांग

ग्राम पंचायत मुसराकला में अवैध शराब बिक्री से ग्रामीण काफी परेशान है। गांव में अवैध शराब की बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर शराबियों के जमावड़े से जीवन प्रभावित हो रहा है। इस समस्या से नाराज ग्रामीणों ने जिला कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गांव में शराब दुकान खोलने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की गलियों, बाजार चौक और सार्वजनिक स्थलों पर खुलेआम शराब बेचा जा रहा है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पंचायत परिसर, शाला, आंगनबाड़ी और पटवारी भवन जैसे स्थानों पर भी शराबियों का जमावड़ा लगने लगा है। गांव की महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### शिकायत पर कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस और आबकारी विभाग से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब कोचियों के हौसले बुलंद हैं और प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह उनका धंधा लगातार फैल रहा है। ग्रामीणों ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### प्रशिक्षण वर्ग का समापन कल

**डोंगरगढ़।** प्रांतीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन कल 28 मई को होगा। यह समारोह शाम 5.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में होगा। आयोजन में प्रदेश भर से शिक्षाविद, आचार्य एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता विवेक शेंडे करेंगे। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। मुख्य वक्ता डॉ देवनारायण साहू होंगे।

## कॉलेज में जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

# बख्शी के साहित्यिक योगदान पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अंजलि अवधिया के निर्देशन में डॉ. पदुमलाल पन्नालाल बख्शी की जयंती मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूवात बख्शी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसी दौरान काजल, चंद्रप्रकाश साहू, मुरली साहू आदि ने बख्शी जी का जीवन परिचय और उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला।

इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनी, द्वितीय नेहा तथा तृतीय स्थान मुरली ने प्राप्त किया। तत्पश्चात जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू ने स्वागत भाषण दिया। इसी कड़ी में श्री बख्शी के नाती गजेंद्र बख्शी ने अपने दादा की रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह बेहद सरल स्वभाव एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनकी रचनाओं में नई सोच के साथ अच्छे कार्य करने का संकल्प मिलता है। उनकी रचनाए गुरु की भांति रचनाओं का सृजन कर नया संदेश देती थी इसीलिए सभी जनमानस उन्हें मास्टर के नाम से पुकारते।




इस अवसर पर अतिथि व्याख्याता डॉ. संजूसिंह, डॉ. काव्य जैन, हेमलता विरदी, कंचन साहू, हिमानी साहू, चांदनी पराते, संध्या गावरे, योगिता ठाकुर, ज्ञानेश्वर देवांगन, मनोज प्रधान, खेलन साहू, चंद्रकांत कुंभकार, सरपंच ललिता साहू, ललिता टांडेकर, चानूराम साहू आदि उपस्थित थे। संचालन ओम प्रकाश सहारे तथा आभार प्रदर्शन शुभि जैन ने किया।

### समाज को दर्पण दिखाती है रचनाएं

प्राध्यापक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बख्शी जी के जीवन इतिहास और रचनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा साहित्य समाज का दर्पण होता है जिसमें लोगों का प्रतिबिंब छुपा होता है। साहित्यकार अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रतिबिम्ब को उकेर कर साहित्य सृजन की अमिट छाप को छोड़ देते है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विधायक ने जताया शोक

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कोलेंद्र पहुंचकर सरपंच अनाज बाई के पति अशोक कोहराम के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। शोक कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम चंदेल, फत्ते वर्मा, राजू लाल, राजकुमार लिहारे, रविंद्र वर्मा, वासुदेव वर्मा, राजेंद्र वर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

### वार्षिकोत्सव आज से, 28 को जम्मा जागरण

**डोंगरगांव।** श्री रामदेव बाबा मंदिर



का 12 वा वार्षिकोत्सव 27 एवं 28 मई का रखा गया है। दो दिवसीय आयोजन के तहत पहले दिन 27 मई को सुंदरकांड का पाठ ताल छापर वाले गणेश मिश्रा करेंगे। इसी क्रम में दूसरे दिन 28 मई को श्री राम देव बाबा का भव्य जम्मा जागरण रखा गया है। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक देवेंद्र राठी भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों ने बाबा के भक्तों सहित सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

### छात्राओं का चयन

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय की 9 छात्राओं का प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्था वेदांता बालको में पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी (पीजीटी) पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है। चयनित छात्राओं को प्रारंभिक वार्षिक पैकेज 5.50 लाख रुपए प्रदान किया जाएगा।

### नजूल भूमि पर 22 टुकड़ों में प्लाटिंग, प्रशासनिक दस्तावेजों में अवैध कॉलोनी का जिक्र

# राजा ने बनाया था बच्चों के लिए पार्क वारिसों ने टुकड़ों में प्लाटिंग कर बेचा

## प्रशासनिक दस्तावेजों और जांच प्रतिवेदनों में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

शहर में नजूल भूमि पर कथित अवैध प्लाटिंग का मामला अब केवल शिकायतों या आरोपों तक सीमित नहीं रह गया है। सामने आए प्रशासनिक दस्तावेजों और जांच प्रतिवेदनों ने पूरे प्रकरण को नई गंभीरता दे दी है। दस्तावेजों के अनुसार राजनांदगांव कवर्धा मेन रोड पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने जिस प्लॉट नंबर 114 और 115 को सरकारी रिकॉर्ड में एडवर्ड चिल्ड्रन पार्क व बाड़ी के रूप में दर्ज बताया गया है, उसी भूमि के हिस्सों को सालो से विभाजित कर खरीदी-बिक्री किए जाने का उल्लेख सामने आया है। जिसके चलते यह मामला अब केवल जमीन के लेन-देन तक सीमित नहीं माना जा रहा, बल्कि सार्वजनिक उपयोग की भूमि, प्रशासनिक निगरानी और जिम्मेदारी से भी जुड़ गया है।

### प्रशासनिक दस्तावेजों ने बढ़ाई गंभीरता

इस मामले का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि अवैध प्लाटिंग संबंधी उल्लेख केवल शिकायतों में नहीं बल्कि तहसील स्तर की रिपोर्ट, राजस्व अमले की जांच और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के दस्तावेजों में भी दर्ज है। सरकारी रिकार्ड अनुसार 1968-69 मे सिविल लाइन इलाके का प्लॉट नंबर 114/1520 वर्गफीट जमीन एडवर्ड पार्क और प्लॉट नंबर 115//19820 वर्गफीट जमीन बाड़ी एडवर्ड पार्क और दोनों जमीन का मालिकाना राजा बहादुर वीरेंद्र बहादुर सिंह के नाम पर दर्ज था, बाद मे दोनों प्लॉट का मालिकाना 1974 मे उनकी अवयस्क नातिन स्मृति देवी सिंह के नाम पर दर्ज हो गया। जिसके बाद से जमीन 17 लोगो के पास अलग अलग टुकड़ों मे बिकी और तों और उसमें से तीन ने तों अपने नाम ली हुई जमीन भी आधा दर्जन लोगो के पास मुनाफा कमाकर बेच दिया। जांच रिपोर्ट मे इस बात का खुलासा भी हुआ है कि संबंधित जमीन के पंजीयन को लेकर उप पंजीयक कार्यालय को भी 2021 मे पत्र लिखा गया था लेकिन उसके बाद भी पंजीयन और नामांतरण होता रहा जबकि अवैध प्लाटिंग मामले की जॉच करने वाले दल मे शामिल आरआई नजूल द्वारा भी बिक्री को लेकर जमीन का नकल दिया गया। मामले मे दोनो को बाराबर को दोषी बताया गया लेकिन अभी तक दोनो पर कारवाई नही हो पाई।

### नगर निवेश ने भी नहीं दी थी स्वीकृति

नगर तथा ग्राम निवेश विभाग राजनांदगांव द्वारा जारी पत्र क्रमांक 1683/न.ग्रा.नि./2025 में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि नजूल प्लॉट नंबर 114 व 115 का कोई अभिन्यास ले-आउट स्वीकृत नहीं किया गया था। विभाग ने यह भी कहा कि भूमि का विभाजन बिना अनुमति किया गया और यह अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आता है। साथ ही आगे की कार्रवाई की जिम्मेदारी नगर पालिका और सक्षम प्राधिकारी के स्तर की बताई गई है।



फाईल फोटो

### जांच में अवैध प्लाटिंग की पुष्टि

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय द्वारा जारी प्रतिवेदन के अनुसार नजूल मेंटेनेंस खसरा नंबर 114 एवं 115, जो मूल भू-नक्शे में खसरा नंबर 169 और 170 से संबंधित बताया गया हैं उसे बिना सक्षम अनुमति के 22 हिस्सों में विभाजित किया गया। जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि भूमि का उपविभाजन विधिवत स्वीकृत नहीं कराया गया और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से भी अनुमति नहीं ली गई थी। इसके बावजूद अलग-अलग व्यक्तियों को भूमि विक्रय की गई और कई स्थानों पर निर्माण कार्य भी हो चुके हैं। दस्तावेजों में प्लॉट नंबर 114 को एडवर्ड चिल्ड्रन पार्क के रूप में दर्ज बताया गया है, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है।

### एक लाख वर्गफीट से अधिक भूमि का मामला

जांच प्रतिवेदन में मूल भूमि लगभग 1,01,340 वर्गफीट बताई गई है। दस्तावेजों के अनुसार इसमें से करीब 85,627 वर्गफीट भूमि विभिन्न लोगों को बेची जा चुकी है। रिपोर्ट में कई खरीदारों को हजारों वर्गफीट भूमि विक्रय किए जाने का उल्लेख है। कुछ मामलों में आगे पुनः विक्रय की जानकारी भी दर्ज की गई है। इससे यह संकेत मिलता है कि मामला किसी एक या दो भूखंड तक सीमित नहीं था, बल्कि व्यवस्थित रूप से विकसित की गई प्लाटिंग का स्वरूप ले चुका था।

### नौ महीने में नहीं दिया जवाब

जांच प्रतिवेदन के अनुसार नजूल भूमि को 22 टुकड़ों में विभाजित किया गया। नगर एवं ग्राम निवेश विभाग से अनुमति नहीं ली गई, ले-आउट स्वीकृत नहीं था और प्रशासनिक जांच में अवैध प्लाटिंग का उल्लेख है। लगभग एक लाख 13 सौ वर्गफीट जमीन मे 85 हजार वर्गफीट भूमि बिक गई है उनमे कईयो मे निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। जिला प्रशासन नजूल शाखा ने सितंबर 25 मे ही नगर पालिका को जॉच रिपोर्ट के आधार पर नगरीय क्षेत्र मे अवैध प्लाटिंग पर कालोनाइजर का रजिस्ट्रिकरण, निर्बधन व शर्ते तहत सीएमओ को सक्षम अधिकारी बताकर नियमानुसार आवश्यक कारवाई कर कारवाई से अवगत कराने कहा है लेकिन विडंबना देखिए कि आज दिनांक तक नपा ने जिला प्रशासन को इस संबंध में की कारवाई से अवगत ही नही कराया है।

# कांग्रेस ने लगाया वोट चोरी का आरोप




**राजनांदगांव।** मतदाता सूची को लेकर किए गए एसआईआर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कांग्रेस समर्थित लोगों के नाम काटने का मामला सामने आया है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव मेहुल मारू और उनकी पत्नी का नाम एसआईआर में काटे जाने के बाद शहर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि एसएआईआर की आड़ में वोट चोरी की जा रही है। कांग्रेस द्वारा निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए इस मामले में निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल उठाया गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहां की एसआईआर को लेकर निरंतर शिकायत प्राप्त हो रही है। हमारे नेता राहुल गांधी का कहा सच हो रहा है कि वोट चोरी का सिस्टम भाजपा सरकार और निर्वाचन आयोग ने मिलकर बना लिया है। भाजपा को जहां सरकार नहीं आने का भय सता रहा है वहां एसआईआर रहा रहे हैं, जिसमें कांग्रेस विचारधारा के लोगों का नाम काटा जा रहा है।

### मृत्यु बताकर नाम काटने का आरोप

कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि कार्यकर्ताओं के नाम काटे जाने का मामला सामने आने के बाद उन्होंने नंदई, बसंतपुर क्षेत्र की मतदाता सूची का अवलोकन किया तो यहां कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी रही ममता जायसवाल के परिवार की कुसुम जायसवाल का नाम मृत्यु बताकर काट दिया गया है। वहीं कांग्रेस समर्थक टोमन साहू का नाम भी मृत्यु बताकर काटा गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने बताया कि एसआईआर में उनका नाम और उनकी पत्नी का नाम काट दिया गया है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोगों के नाम मतदाता सूची से जानबूझकर काटे गए हैं।

# किसान कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

■ उठाया किसानों की समस्याओं को

जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व साल्हेवारा में मंगलवार को तहसील कार्यालय में खादय की आपूर्ति के लिए मुख्यमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया। नया पेट्रोल पम्प के पास से रैली निकालकर सैकड़ों की संख्या में किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने पहले मंचीय कार्यक्रम कर खाद्य की कमी को लेकर भड़ास निकाला। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष छोटे राजा देवराज किशोर दास ने किसानों को लेकर कहा कि यह किसान नहीं सबके अन्नदाता है । अगर इनको समय में खाद्य नहीं मिलेगा तो हम भूखे मर जाएंगे इनकी समस्या हम सबकी समस्या है। आज धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ के किसान दर दर भटक रहे हैं। जिले में खाद्य संकट को लेकर किसान कांग्रेस लगातार दौरा कर किसानों के हित में कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।

इस संबंध में जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष छोटे राजा देवराज किशोर दास ने कहा कि अगर व्यापारी अधिक दर पर खाद्य का वितरण करेंगे तो किसान कांग्रेस के लोग सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि कालाबाजारी बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

कार्यक्रम में किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छोटे राजा देवराज किशोर दास जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू सज्जाक खान सुदीप श्रीवास्तव दीपक वैष्णव कमलेश्वर यादव तौहीद खान जयराम मंडावी शेरसिंह गंगू मोरवी गोवर्धन मेरावी दिनेश साहू मोहित रजक कमलेश जंघेल ओपी सुखी पटेल बुद्धसिंह हरि राम गौतरिहा राम शत्रुहन वर्मा गुप्ता जी भागी झारिया रामाधार आश्चरे पहलाद आचरे परस राम रोहित देवानंद यादव लश्मीप्रसाद परसराम,विनोद कुमार छेदैया सहित साल्हेवारा के वरिष्ठ कांग्रेस के नेता और किसान कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे




### किसानों को मिले अधिकार: कोमल साहू

कार्यक्रम में पहुंचे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसान खेती के कार्यों की तैयारी लगे लेकिन उनको खाद्य नहीं मिल पाया कृषि केंद्र वाले रेट बढ़ाकर बिक्री कr रहे है । हम सब यहां पर किसानों कि हक की लड़ाई के लिए लड़ रहे है ।हमारा एक ही मांग है किसानों को उनका अधिकार मिले। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सज्जाक खान ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज किसान अपनी मांगों को लेकर परेशान है ।लेकिन ये सरकार सुशासन का ढोंग रच रही है । छत्तीसगढ़ में सुशासन कब आयेगा किसान के चेहरे में खुशी आएगी।

# चार करोड़ में सुधरेगी सिविल लाइन की सड़कें

**खैरागढ़।** शहर के वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइन की सड़कों का जल्द कायाकल्प होगा इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से 4 किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों के नवनिर्माण, चौड़ीकरण सहित नाली निर्माण का टेंडर जारी कर दिया हैं।

लंबे समय से इन सडक़ों की मरम्मत व नवीनीकरण कार्य अटका हुआ था लेकिन अब लोक निर्माण विभाग के दुर्ग संभागीय कार्यालय ने निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली है। परियोजना तहत सडक़ों के चौड़ीकरण के साथ-साथ जल निकासी के लिए नाली निर्माण का कार्य भी शामिल है। सिविल लाइन क्षेत्र शहर का महत्वपूर्ण प्रशासनिक इलाका है, जहां कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों के आवास स्थित हैं। सडक़ निर्माण से अधिकारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रस्तावित कार्यों में पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने से टिकरापारा मार्ग, दुर्गा मंच चौक से डीएफओ कार्यालय, अटल चौक से अधिकारी क्वार्टर, डीएफओ कार्यालय से बीएसएनएल कार्यालय होते हुए कन्या शाला व कलेक्टर बंगला सहित सिविल लाइन इलाके के अन्य प्रमुख मार्ग शामिल हैं। शिक्षा, वन, सिंचाई विभाग, थाना, लोक निर्माण विभाग, उप पंजीयक कार्यालय सहित कई शासकीय कार्यालय भी इसी क्षेत्र में स्थित हैं। उप अभियंता लोनिवि स्मारिका तिवारी ने बताया कि सडक़ों के चौड़ीकरण का टेंडर जारी हो गया हैं।

# झीरम के शहीदों को किया का नमन

## कांग्रेसियों ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

झीरम घाटी नक्सली हमला की 13 वीं बरसी पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जय स्तंभ चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मोमबत्ती जलाकर हमले में शहीद नेताओं और जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। श्रद्धांजलि सभा मे कांग्रेस नेताओं ने झीरम घाटी हमले को लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला बताते हुए कहा कि घटना के 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिल पाया है।

नेताओं ने कहा कि आज तक झीरम कांड की पूरी सच्चाई सामने नहीं आई और हमले के मास्टरमाइंड भी बेनकाब नहीं हो सके हैं। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने कहा कि झीरम की घटना पूरे प्रदेश के लिए एक काला अध्याय है।

इस हमले में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और जवानों ने अपनी जान गंवाई थी, जिन्हें प्रदेश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान और न्याय की लड़ाई लगातार जारी रहेगी। जिला महामंत्री मिहिर झा सहित अन्य नेताओं ने कहा कि झीरम कांड की निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है।




### शहादत को किया याद

2013 में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा मे दरभा क्षेत्र के झीरम घाटी में नक्सलियों ने एंबुश लगाकर हमला कर दिया था। इस हमले में बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल सहित कई वरिष्ठ नेताओं और जवानों की मौत हो गई थी। इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया था। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिरमौर, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, जिला महामंत्री आकाशदीप सिंह गोल्डी, विजय वर्मा, सुबोधकांत पांडेय, किशन रजक, महेश यादव, पुरुषोत्तम वर्मा, दयाराम पटेल, मोहित भोडेंकर, दयालु वर्मा, मंशाराम सिमकर, अल्ताफ अली, संतोष वर्मा, कोमल वर्मा, कृष्णा यादव, अरुण वर्मा, रविंद्र सिंह गहरवार, शेखर दास वैष्णव, रतन सिंगी, दयाराम पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# साइंस कॉलेज में एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के गणित विभाग का परीक्षा परिणाम छात्रों के भविष्य के लिए चिंता का विषय बन गया है। भाषा संबंधी जटिलताओं (लैंग्वेज बैरियर) के चलते बड़ी संख्या में छात्र एटीकेटी और बैकलॉग का शिकार हो गए हैं।

इस लचर शैक्षणिक व्यवस्था के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने महाविद्यालय परिसर में उग्र प्रदर्शन किया और प्रशासन को जवाबदेह ठहराया। एबीवीपी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार विभाग के कुल 55 छात्र एटीकेटी की जद में है। हैरानी की बात यह है कि अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत विभाग के सभी 10 छात्र फेल हुए हैं। परिषद ने इसे मात्र विद्यार्थियों की शैक्षणिक विफलता मानने से इनकार किया है और इसे विभाग की शिक्षण पद्धति में व्याप्त गंभीर खामी बताया है। प्रदर्शन का नेतृत्व करते एबीवीपी नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि गणित जैसा विषय, जिसमें अवधारणाओं की स्पष्टता सबसे महत्वपूर्ण होती है, वहां भाषा का अवरोध छात्रों के लिए बाधा बन रहा है। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को बेहतर वातावरण देने के बजाय इस समस्या को नजरअंदाज किया। जिसका खामियाजा छात्रों को अपने करियर से चुकाना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सुधार नहीं हुआ, तो परिषद बड़ा आंदोलन करेगी।

### जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**राजनांदगांव।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2026 में प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अतिवृष्टि की संभावित स्थिति को देखते बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में 1 जून से 15 अक्टूबर तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी और 24 घंटे निरंतर क्रियाशील रहेगी। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07744-220557 है एवं राहत आयुक्त कार्यालय मंत्रालय नवा रायपुर का दूरभाष क्रमांक 2223471 है। कार्यालयीन अवधि में भू-अभिलेख शाखा में दूरभाष 07744-227028 पर भी आपात स्थिति की सूचना दी जा सकती है।

# विक्रांत ने सुनी समस्याएं



**खैरागढ़।** सुशासन तिहार तहत ब्लॉक के ग्राम पंचायत जालबांधा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में जिपंच उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह बतौर मुख्य अतिथि हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य दिनेश वर्मा रहे। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉलों का निरीक्षण कर जिपं उपाध्यक्ष ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली और निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से जांच कर समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विक्रांत सिंह ने कहा कि तपती धूप के बावजूद प्रशासन का गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनना और उनका समाधान करना मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। शिविर में उपस्थित महिलाओं एवं आमजनों की समस्याएं गंभीरता से सुनकर उन्होने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कारवाई सुनिश्चित करने कहा और ग्रामीणो को भरोसा दिया कि हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

### किया सुपोषण किट का वितरण

शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण किट का वितरण किया गया। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं लाभ वितरण भी अतिथियों के हाथों कराया गया। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, सरपंच संघ अध्यक्ष दिलेश्वर यदु सहित सरपंच संतोषी वर्मा, मुकेश वर्मा, चंद्रकांत जायसवाल, राजेन्द्र वर्मा, डॉ. चंदू वर्मा, गोरेलाल वर्मा दुलार कोसरे, जयप्रकाश साहू, दुलेश्वर साहू, आशीष राजपूत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### ईव्हीएम का एफएलसी 29 व एसडीपीसी 30 को

**राजनांदगांव।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारी हेतु जिले में उपलब्ध ईव्हीएम का एफएलसी 29 मई 2026 को एवं एसडीपीसी 30 मई 2026 को सुबह 10.30 बजे से जिला कार्यालय राजनांदगांव स्थित ईव्हीएम गोडाउन में इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के इंजीनियर द्वारा किया जाएगा। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एफएलसी एवं एसडीपीसी कार्य में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने अनुरोध किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- राजनांदगांव, तहसील- राजनांदगांव, प.ह.नं.- 00035 बजरंगपुर नवागांव ग्राम के नामांतरण में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526420537400058

**// ईश्तहार //**

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00035 के अंतर्गत ग्राम बजरंगपुर नवागांव के वर्तमान भूमिस्वामी लोमन पिता/पति- परसराम सिन्हा पता- सा.सिंगारपुर खैरागढ़ के द्वारा पारित भूमि खसरा क्रमांक 136/218 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजेश कुमार पिता/पति- परसराम सिन्हा पता-छावनी भिलाई दुर्ग, जिज्ञासा पिता/पति- परसराम सिन्हा, खिलेश्वरी सिन्हा पिता/पति- परसराम पता- बजरंगपुर नवागांव के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **04/06/2026** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आम मुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/05/2026 को जारी किया जाता है।

मोहर

PYARELAL NAG
**तहसीलदार**
**तहसील व जिला-राजनांदगांव**

## रुद्राअभिषेक एवं महाप्रसादी में उमड़ी भक्तों की भीड़

# सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

किल्लापारा स्थित श्री गोपीनाथ मंदिर परिसर में स्व भावना श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर 18 से 25 मई तक आयोजित सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के बीच हुई। समापन अवसर पर विधि-विधान से हवन पूजन, शिव रुद्राभिषेक एवं महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। 18 मई को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुए आयोजन में रोज शाम 4 से 7 बजे तक महाशिवपुराण कथा का आयोजन किया गया जिसमे शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे।

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू, नीलांबर वर्मा, दिनेश वर्मा, सरस्वती यदु, गोरेलाल वर्मा, डॉ अरुण भारद्वाज, आयश सिंह बोनी, आलोक श्रीवास, दीपक देवांगन, रूपेंद्र रजक, सहित अनेक जनप्रतिनिधियो ने कथा स्थल पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

### बताई रूद्राक्ष की महिमा

कथावाचक पंडित रूपेश कृष्ण मिश्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी और सुमधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आया और पूरा परिसर शिवमय वातावरण में लीन रहा। कथा दौरान उन्होंने शिवमहापुराण में वर्णित विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, संस्कार और मानव जीवन के मूल्यों का संदेश दिया। रुद्राक्ष की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि रुद्राक्ष भगवान शिव की कृपा, मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है। वीरभद्र उत्पत्ति प्रसंग में राजा दक्ष के अहंकार और भगवान शिव के अपमान का उल्लेख करते हुए बताया कि अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बनता है। सती जन्म एवं शिव-सती विवाह प्रसंग में त्याग, प्रेम और समर्पण की भावना को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। माता पार्वती जन्म सहित शिव-पार्वती विवाह की कथा में तप, विश्वास और अटूट भक्ति का महत्व बताया गया। गणेश जन्म प्रसंग में माता पार्वती द्वारा भगवान गणेश की उत्पत्ति और भगवान शिव द्वारा उन्हें प्रथम पूज्य देव बनाने की कथा सुनाई गई। वहीं गणेश विवाह प्रसंग में पारिवारिक मूल्यों और मंगल परंपराओं का महत्व समझाया गया।

### सृष्टि संतुलन व धर्म रक्षा करते हैं महादेव

कथा दौरान कार्तिकेय जन्म व तारकासुर वध का प्रसंग श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। कथावाचक ने बताया कि देवताओं को तारकासुर के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय ने अवतार लिया और धर्म की रक्षा के लिए तारकासुर का वध किया। इस प्रसंग के माध्यम से धर्म की विजय और अधर्म के अंत का संदेश दिया गया। इसके अलावा विष्णु-तुलसी विवाह, शिव दशावतार का भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। कथावाचक ने बताया कि भगवान शिव समय-समय पर विभिन्न रूपों में प्रकट होकर सृष्टि के संतुलन और धर्म की रक्षा करते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर शिवभक्ति में लीन नजर आए। कथा के अंतिम दिन सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन साथ शिव रुद्राभिषेक हुआ। आयोजक परिवार द्वारा श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरित किया गया। यजमान साकेत श्रीवास्तव समृद्धि श्रीवास्तव सहित विमल कुमार श्रीवास्तव, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव व हर्षा श्रीवास्तव सहित अन्य का सहयोग रहा।

## सार समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर आयोजन

**राजनांदगांव।** वन मंडल अंतर्गत वन चेतना केंद्र मनगटा में 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता एवं चित्रलेखा प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जैव विविधता संरक्षण से जुड़े विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सोनू धनकर उपस्थित रहे। साथ ही मुढ़ीपार सरपंच एवं अन्य अतिथिगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने उद्बोधन में जैव विविधता संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते प्रकृति एवं वन्यजीवों के संरक्षण हेतु सभी को जागरूक रहने का संदेश दिया।यह कार्यक्रम पर्यावरण प्रेमी प्रतीक ठाकुर के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन में सहायक वन संरक्षक लवकेश कुमार गिलहरे, आकाश ठाकुर, परिक्षेत्र अधिकारी प्रतीक टंडन तथा वन विभाग के अन्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम के समापन अवसर पर लोगों ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के उपलक्ष्य में जैव विविधता संरक्षण की शपथ ली। साथ ही परिसर में वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।



### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करते उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते हैं। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते समाधान शीघ्र करें। जनदर्शन में ग्राम मोखला निवासी ईगल कुमार श्रीवास ने अपनी बिटिया चंद्रप्रभा श्रीवास के हृदय में छेद होने के उपचार के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होने पर कलेक्टर ने आवेदन को गंभीरता से लेते मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी राजनांदगांव से उपचार हेतु 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। बच्ची का समुचित इलाज सुनिश्चित करने निर्देशित किया।



### संस्कारों की नई ऊर्जा के साथ शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में बाल संस्कार विभाग द्वारा इस वर्ष भी बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार व आत्मिक उन्नति के लिए ग्रीष्मकालीन सात दिवसीय आवासीय विद्यार्थी अनुष्ठान शिविर का समापन हुआ। शिविर में जिलेभर के विभिन्न क्षेत्रों से 250 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक शिक्षा प्राप्त की। बाल संस्कार विभाग के प्रभारी संजय साहू ने बताया कि शिविर के दौरान प्रतिदिन बच्चों को जप, ध्यान, प्राणायाम एवं योगासन का अभ्यास कराया गया। जिससे बच्चों में मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का विकास हो सके। साथ ही "सफलता की कुंजी" जैसे प्रेरणादायी विषयों के माध्यम से बच्चों को जीवन में अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण, समय का सदुपयोग एवं अच्छे संस्कारों का महत्व बताया गया। शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कृति, माता-पिता एवं गुरुजनों के सम्मान तथा नैतिक मूल्यों से जुड़ी अनेक प्रेरणादायी बातें, महापुरुषों के जीवन चरित्र, आध्यात्मिक खेल, बौद्धिक शक्ति बढ़ाने के प्रयोग इत्यादि बातें सिखाई गई। श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर व कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर ने बताया कि विद्यार्थियों के नैतिक, चारित्रिक विकास हो तथा सर्वांगीण विकास के लिए उद्देश्य से बच्चों की सात दिन की शिविर जो 18 से 24 मई तक लगाई गई।



### प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए "जनता खाना"

**राजनांदगांव।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर खानपान व्यवस्था को ध्यान में रखते "जनता खाना" योजना का सफल संचालन किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से विशेष रूप से सामान्य कोच के यात्रियों को किफायती दर पर स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। नागपुर मंडल के अंतर्गत प्रमुख रेलवे स्टेशनों जैसे गोंदिया, नैनपुर, छिंदवाड़ा, नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी, राजनांदगांव तथा डोंगरगढ़ स्टेशन पर "जनता खाना" सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा का उद्देश्य सामान्य श्रेणी के यात्रियों को यात्रा के दौरान कम कीमत पर पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। जिससे यात्रियों को यात्रा के दौरान बेहतर खानपान सुविधा प्राप्त हो सके।



### घुमका में बनेगी आप की नगर सरकार : कमलेश

**राजनांदगांव।** नगर पंचायत घुमका में चुनावी माहौल के बीच आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व लोकसभा के संगठन मंत्री कमलेश स्वर्णकार ने क्षेत्र की जनता से अपील करते कहा कि अब समय केवल वादों का नहीं, बल्कि मूलभूत सुविधाओं और ईमानदार व्यवस्था को चुनने का है। उन्होंने कहा कि आम नागरिक आज सबसे अधिक अच्छी सड़क, स्वच्छ पानी, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पारदर्शी प्रशासन चाहता है। यदि नगर का विकास सही दिशा में करना है, तो जनता को ऐसे प्रतिनिधियों का साथ देना होगा, जो वास्तव में जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझते हों। श्री स्वर्णकार ने कहा कि घुमका नगर पंचायत की सबसे बड़ी आवश्यकता मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। कई वार्डों में आज भी पेयजल संकट, नालियों की समस्या, सफाई व्यवस्था की कमी और खराब सड़कें लोगों की परेशानी का कारण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि नगर के युवाओं को रोजगार और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने योजनाओं की आवश्यकता है। आम आदमी पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।



# 3500 घरों में लगे सोलर प्लांट, कई उपभोक्ताओं का बिजली बिल जीरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में "प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" के तहत रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना में रिकॉर्ड तेजी आई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में अब तक लगभग 3500 सौर संयंत्र सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। इससे लाभांवित होने वाले घरेलू उपभोक्ता न केवल खुद बिजली का उत्पादन कर रहे हैं, बल्कि अपने मासिक बिजली बिलों से भारी राहत भी पा रहे हैं। कई घरों का बिजली बिल अब घटकर शून्य (जीरो) हो गया है।

### 2406 उपभोक्ताओं को मिल चुकी है सब्सिडी

योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी का प्रमाण देते कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने एक महत्वपूर्ण आंकड़े की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों जिलों के अब तक 2406 उपभोक्ताओं को केन्द्र और राज्य की ओर से मिलने वाली सब्सिडी राशि का सीधा भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के कारण नेट मीटरिंग लगते ही उपभोक्ताओं के खातों में डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी ट्रांसफर की जा रही है। जिससे उन्हें बड़ी वित्तीय राहत मिली है।



### छह हजार ने किया आवेदन

राजनांदगांव जिले में अब तक 6,052 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किया है। औपचारिकताएं पूर्ण करने वाले 6,045 उपभोक्ताओं में से 5,670 ने अपने वेंडर का चयन भी कर लिया है। जिसमें राजनांदगांव जिले में 2899, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 401 तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 181 उपभोक्ताओं के घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। उपभोक्ताओं को त्वरित स्वीकृति, नेट मीटरिंग और सब्सिडी ट्रांसफर का लाभ देने बिजली कंपनी द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### बिजली उत्पादन के आंकड़े

1 किलोवाट का सोलर प्लांट हर महीने लगभग 120 से 150 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होता है। 2 किलोवाट का सोलर प्लांट हर महीने लगभग 240 से 300 यूनिट तक बिजली बनती है। 3 किलोवाट का सोलर प्लांट हर महीने लगभग 360 से 450 यूनिट तक भारी मात्रा में बिजली का उत्पादन होता है।

### पंजीकृत वेंडरों को कार्य में तेजी लाने निर्देश

योजना की प्रगति की समीक्षा करते कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने जिले के सभी पंजीकृत वेंडरों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने वेंडर का चयन कर लिया है और जिनकी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है, उनके घरों में यथाशीघ्र और समय-सीमा के भीतर सोलर प्लांट स्थापना का कार्य पूरा किया जाए। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे वेंडरों के कार्यों की नियमित निगरानी करें, ताकि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द योजना का लाभ मिल सके।

## आयुक्त ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

# स्वच्छता सर्वेक्षण: उद्यान और चौक चौराहों में डस्टबिन लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2025-26 के लिए राजनांदगांव में स्वच्छता की टीम आने को ध्यान में रखकर मंगलवार को नगर निगम सभागृह में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर एसएलआरएम सेंटरों एवं शौचालयों में आवश्यक व्यवस्था सुदृढ़ करने तकनीकी अधिकारियों से कहा। वहीं वार्डों में साफ-सफाई और सुधार लाकर नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने, उनसे फीडबैक लेने स्वास्थ्य अमला को निर्देशित किया।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में उप अभियंताओं से कहा कि अपने-अपने प्रभारित वार्ड में स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंड के अनुसार शौचालयों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएं। शौचालयों में सामग्री उपलब्ध कराना है, एकजास्ट फैन, सेनेटरी मशीन, डस्टबिन, आयना, हैंडवाश, पेपर नेपकीन, बाल्टी, मग आदि की व्यवस्था करनी है। इसके अलावा शौचालय का नाम तथा महिला, पुरूष, बच्चे, दिव्यांग व वॉशबेसिंन का स्पष्ट उल्लेख करना है। सेप्टिक टैंक के पास के सोकपीठ ठीक करें। साथ ही एसएलआरएम सेंटरों में आवश्यकता अनुसार रंगरोगन, सूची लेखन के अलावा अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बाजार और व्यवसायिक क्षेत्रों में गीला व सूखा कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबिन लगाएं। इसके अलावा तालाब उद्यान, चौक-चौराहों की साफ-सफाई कर वहां डस्टबिन लगाएंगे, स्वच्छता संबंधी सूचना पटल लगाएं तथा नाली व नालों में जाली लगाना सुनिश्चित करेंगे।



### स्वच्छता का लेंगे फीडबेक

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि एसएलआरएम सेंटर में साफ-सफाई के अलावा सभी व्यवस्था दुरूस्त रखे, गीला-सूखा कचरा पृथकरकरण कार्य में तेजी लाएं, कचरा जमा न होने दें, पीठ में खाद बनाने की प्रक्रिया का सुचारू संपादन करें। सभी स्वच्छता दीदीयां घर में ही गीला-सूखा कचरा अलग करने नागरिकों को समझाईस देंगे तथा उन्हें स्वच्छता से जोड़ने व उनसे स्वच्छता के लिए फीडबेक लेंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड के मुक्कड को साफ रखें, कचरा तुरंत उठाएं, सड़कों व गलियों की नियमित सफाई करें, नाली-नालों को साफ कर कचरा उठाएं।

### नागरिकों को भी जोड़े स्वच्छता से

आयुक्त ने वार्ड प्रभारियों से कहा कि प्रतिदिन अपने-अपने वार्ड में निर्धारित समय तक मानिटरिंग करें, नागरिकों को भी स्वच्छता से जोड़े, अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने, कचरा खुले स्थान पर नहीं डालने समझाईस दें, लोगों से फिडबेक लें। बैठक में कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा व सुषमा साहू, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## अघोषित बिजली कटौती का आरोप जनता कांग्रेस ने घेरा विद्युत कार्यालय



**राजनांदगांव।** शहर सहित जिलेभर में भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती को लेकर जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग कार्यपालन अभियंता कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान जनता कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते अघोषित कटौती बंद करने मांग की।

जनता कांग्रेस युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शमसुल आलम के नेतृत्व में जनता कांग्रेस के कार्यकर्ता बेशर्म का फूल लेकर विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने कार्यालय के गेट के समीप प्रदर्शन करते बार-बार बिजली बंद होने को लेकर नाराजगी व्यक्ति की। युवा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शमसुल आलम ने कहा कि भीषण गर्मी में बार-बार बिजली कटौती हो रही है। बिजली बंद की सूचना देने कॉल सेंटर में फोन लगाया जाता है तो संबंधित कॉल ऑपरेटर द्वारा फोन उठाकर रख दिया जाता है।

### पुलिस बल ने गेट के बाहर रोका

बिजली विभाग घेराव को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस ने जनता कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गेट के बाहर ही रोक दिया। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से जनता कांग्रेस द्वारा मांग की गई।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

अपने प्रदर्शन के दौरान जनता कांग्रेस द्वारा चेतावनी देते कहा गया है कि अघोषित बिजली कटौती सहित कॉल सेंटर और अन्य व्याप्त समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो आगामी दिनों में विद्युत विभाग कार्यालय में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बिलाल खान, अनवर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# घुमका चुनाव में भाजयुमो ने ठोकी ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर पंचायत घुमका के चुनाव में भाजपा के पक्ष में बीते दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरहिया के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं की टीम ने जनसम्पर्क किया।

नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती किरण वर्मा सहित सभी पंद्रह प्रत्याशियों के पक्ष में सभी वार्डों में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरहिया व भाजयुमो प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह संयुक्त रूप से कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा के विकास की लहर चल रही है आगामी समय में नगर पंचायत घुमका को भी अन्य क्षेत्रों की तरह संवारा जाएगा और आठ करोड़ की लागत से इस क्षेत्र में विकास यात्रा शुरू भी कर दी गई है।



जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने घोषणा भी की कि है स्कूलों में हाईटेक लैब की सुविधा , महाविद्यालय में हाईटेक लायब्रेरी , खिलाड़ियों के लिए बहुपयोगी मैदान सहित अन्य बहुत सी ऐसी घोषणाएं हैं जिनसे क्षेत्र के युवाओं का ना सिर्फ भविष्य संवरेगा बल्कि उनकी पढ़ाई का स्तर भी सुधरेगा प्रचार के दौरान प्रदेश मंत्री विशाल पाण्डेय, भाजयुमो जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर, समीर श्रीवास्तव,महामंत्री दव्य नोमेंश वर्मा आशुतोष सिंह, पिंटू वर्मा, प्रखर श्रीवास्तव, यश पारख, उज्जवल कसेरा, जयंत साहू, अरविंद बैद, सुनील सेन, आँशु डहरिया सहित जिला युवा मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे

# सुशासन तिहार बना दिखावा, बुनियादी सुविधाओं में लापरवाही पर भड़की विभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सोनेसरार ग्राम पंचायत में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में सड़क, पेयजल और अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर जिला पंचायत सदस्य विभा साहू का आक्रोश खुलकर सामने आया। शिविर में विभा साहू ने प्रधानमंत्री सड़क, मुख्यमंत्री सड़क, लोक निर्माण विभाग तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते कहा कि कार्यों की स्वीकृति होने व टेंडर होने के बाद भी सिंघोला-खुर्सीपार सड़क कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

श्रीमती साहू ने कहा कि सिंघोला से खुर्सीपार तक 17 किमी सड़क निर्माण की घोषणा वर्ष 2025 में भानेश्वरी जयंती कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा की गई थी, लेकिन घोषणा के एक वर्ष बाद भी सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सड़क की जर्जर हालत से जनता बेहद परेशान है और लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है।



सुशासन तिहार में पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से श्रीमती साहू ने तीखे सवाल पूछे। विभाग के ईई चौरसिया और एसडीओ जैसे जिम्मेदार अधिकारी शिविर से नदारद रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला स्तर पर सुशासन तिहार आयोजित करने का कोई औचित्य नहीं है। सिंगारपुर-मेढ़ा रोड निर्माण को लेकर भी गंभीर लापरवाही सामने आई। यह सड़क पहले ठेकेदार संजय सिंगी को दी गई थी, लेकिन वह निर्माण पूरा नहीं कर पाए। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी विभाग ने दोबारा उसी ठेकेदार को कार्य सौंप दिया। 18 फरवरी 2026 को सिंघोला-खुर्सीपार रोड का फिर से टेंडर जारी किया गया, लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी 0.60 किलोमीटर और 17वॉं एक किमी सड़क में कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। इस लापरवाही पर विभा साहू ने कड़ी नाराजगी जताई।

## क्रेस्ट कंपनी का आंदोलन 12 दिन बाद खत्म

# एसडीएम की मध्यस्थता में समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

क्रेस्ट कंपनी जोरातराई राजनांदगांव में एसडीएम व तहसीलदार की मध्यस्थता में आंदोलन के 12वे दिन समझौता हुआ। 25 मई की शाम 6 बजे हुई त्रि-पक्षीय वार्ता में कंपनी प्रबंधक व संघर्षशील इंजीनियरिंग श्रमिक संघ के मध्य समझौता हुआ कि कुशल, अर्द्धकुशल व उच्च कुशल के वर्गीकरण के लिए श्रम विभाग द्वारा 30 मई 2026 तक जांच पूरी कर रिपोर्ट अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय में अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रस्तुत की जाएगी, के अनुसार वर्गीकरण का लाभ श्रमिकों को दिया जाएगा।

संस्थान द्वारा 20 प्रतिशत बोनस भुगतान के लिए बैलेंस शीट 26 मार्च 2026 को श्रम विभाग में प्रस्तुत की जाएगी, के अनुसार बोनस का निर्धारण किया जाएगा। अमर सिग ठेकेदार के अधीन कार्यरत श्रमिकों को फूल एंड फाइनल का भुगतान 30 जून 2026 तक किया जाएगा। मृतक श्रमिक योगेश साहू की पत्नी को 14 लाख रुपए मुआवजा के साथ ड्यूटी पर लिया जाएगा। 14 मई 2026 से 25 मई 2026 तक 12 दिन उत्पादन बंद रहा। इन दिनों के वेतन भुगतान के संबंध में श्रम विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा निर्णय लिया जाएगा तथा इस आंदोलन के कारण बदले की भावना से किसी भी श्रमिक को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा।



### फूटे पटाखे, मनाया जश्न

समझौते में कंपनी की ओर से उप महाप्रबंधक क्रांति ऋषि, विनोद कुमार व कंपनी के सीईओ तथा यूनियन की ओर से भीमराव बागडे, पुनाराम साहू, शिशुपाल साहू, शत्रुघ्न देशमुख, मांघी लाल, पुनीतराम, भुनेश्वर साहू व जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम व तहसीलदार ने हस्ताक्षर किए। उक्त समझौते को श्रमिकों को पढ़कर सुनाया गया। उसके बाद रात 11 बजे धरना समाप्त किया गया। श्रमिकों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर तथा पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया। छमुमो अध्यक्ष भीमराव बागडे ने कहा कि सभी की मेहनत के कारण वर्गीकरण व बोनस का समझौता हुआ है।

# अग्रवाल सभा कार्यकारिणी का चुनाव,लक्ष्मण को सर्वाधिक मत

■ संरक्षक श्रेणी में हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

अग्रवाल सभा का द्विवर्षीय कार्यकारिणी चुनाव 2026-2028 शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में सभा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यकारिणी गठन के लिए संरक्षक, आजीवन एवं साधारण तीन श्रेणियों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। जिसमें प्रत्येक वर्ग से 05-05 सदस्यों का चयन किया जाना था।

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आजीवन वर्ग एवं साधारण वर्ग में सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं संरक्षक श्रेणी में 5 पदों के लिए 6 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के कारण मतदान कराया गया। 24 मई को अग्रसेन भवन में निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज के मार्गदर्शन में मतदान संपन्न हुआ। कुल 28 मतदाताओं में से 27 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संरक्षक श्रेणी से लक्ष्मण लोहिया, नरेंद्र गोयल, विकास अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल चुनाव मैदान में थे।



मतगणना उपरांत लक्ष्मण लोहिया ने कुल 27 मत में से सर्वाधिक 24 मत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विकास अग्रवाल को 21 मत, नरेंद्र गोयल को 20 मत प्राप्त हुए। शेष प्रत्याशियों राजकुमार अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल को विजयी घोषित किया गया। आजीवन वर्ग से राजेश खोखरिया, बिसन अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल एवं दीपक अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

इसी प्रकार साधारण श्रेणी से देवेंद्र अग्रवाल, पवन लोहिया, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल एवं चंकी अग्रवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने बताया कि अब नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे। इसके लिए 31 मई को अग्रसेन भवन में



## खबर संक्षेप

### नारी सशक्तिकरण की नई पहचान: महतारी वंदन



**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ की माताओं और बहनों के सम्मान, आत्मनिर्भरता एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना एक ऐतिहासिक पहल बनकर उभरी है। यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य को नई ऊर्जा देने का माध्यम भी बन रही है। सीएम के नेतृत्व में प्रदेश की लाखों माताओं एवं बहनों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# विधायक ने 1.57 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

- वनांचल विकास को मिली नई गति: श्रीमती भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेंदुरखार में विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने 1.57 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। विधायक श्रीमती बोहरा के सतत प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया विधानसभा के गांव-गांव समृद्धि और विकास की किरण पहुंच रही है।

जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है वहीं हर गांव को जोड़ती पक्की सड़कें पंडरिया विधानसभा के विकास को नई गति दे रही हैं। इसी कड़ी में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने वनांचल ग्राम सेंदुरखार में 1 करोड़ 57 लाख 15 हजार रुपए की लागत से विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण एवं नया तालाब निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। यह विकास कार्य पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र के विकास को नई गति देगा।

इस दौरान सीसी रोड, सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच एवं 5 नया तालाब निर्माण कार्यों की सौगात वनांचलवासियों को मिली है, जिससे निश्चित ही क्षेत्रवासियों को सुविधा एवं लाभ मिलेगा। विधायक भावना बोहरा ने मध्यक्षेत्र विकास प्राधिकरण अंतर्गत ग्राम अंजवाईनबाह, मराडबरा, बोहिल, सारपानी, धुरसी, पुटपुटा, बिरैनबाह, बिरहुलडीह, रोखनी में सीसी रोड एवं ग्राम नेऊर में सीसी रोड निर्माण एवं सांस्कृतिक मंच तथा ग्राम कुशियारी और सेंदुरखार में सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही मनरेगा अंतर्गत ग्राम पिपरहा, छिंदीडीह, कड़मा, भेलकी एवं नेउर में नया तालाब निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

### वनांचल क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने से ग्रामीण जीवन सुगम बन रहा




विधायक भावना बोहरा ने कहा कि हमारा संकल्प वनांचल क्षेत्र के समग्र विकास का है। वनांचल क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने से ग्रामीण जीवन सुगम बन रहा है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिल रही है। सड़क निर्माण से आवागमन बेहतर होगा, सामुदायिक भवन एवं सांस्कृतिक मंच सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करेंगे, वहीं तालाब निर्माण से जल संरक्षण और कृषि को लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लक्ष्य के साथ निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आज वनांचल क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। शिक्षा, सड़क, पेयजल, सिंचाई,आवास, सामुदायिक अधोसंरचना एवं विकास लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का नया वातावरण निर्मित हो रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हमारा वनांचल क्षेत्र जिस विकास से कोसो दूर था आज भाजपा सरकार में उन क्षेत्रों और प्रत्येक गांव तक विकास की नई किरण उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

## 60 से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया

# शहरवासियों को मिली सुव्यवस्थित मित्र मिलन चौपाटी की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा शहर के सुव्यवस्थित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वन विभाग कार्यालय के सामने राशि 64 लाख 34 हजार की लागत से सर्वसुविधायुक्त चौपाटी का निर्माण का लोकार्पण छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं उपस्थित अतिथियों ने चौपाटी में व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों से फीता कटवाकर किया।

उन्होंनें चौपाटी लोकार्पण कर व्यापारियों के साथ उसके व्यवसाय को लेकर चर्चा करते हुए उज्वल भविष्य व उत्तरोत्तर प्रगति की ओर आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दी। इस नव निर्मित चौपाटी में शहर के 60 से अधिक फुटपाथ विक्रेताओं को व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया। उन्होंनें लोकार्पण के बाद चौपाटी का अवलोकन किया गया तथा मंच से ही सुविधाओं की सराहना की गई।

उन्होंनें कहा कि नई चौपाटी में शहरवासियों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे, जिससे लोगों को अलग-अलग जगह जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह स्थल न केवल खानपान के लिए, बल्कि परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने के लिए भी एक आकर्षक केंद्र बनेगा।

साथ ही साथ नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए व्यस्थापन हेतु लॉटरी पद्धति अपनाई गई, जिससे सभी पात्र विक्रेताओं को निष्पक्ष रूप से स्थान आवंटित किया गया है। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थें।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चौपाटी स्टालों का किया निरीक्षण



नवनिर्मित मित्र मिलन चौपाटी का विजय शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद लेते हुए यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से गुपचुप, समोसा, सेव पुरी सहित अन्य लोकप्रिय व्यंजनों का आनंद लिया और स्टाल संचालकों से आत्मीयता से संवाद किया। उन्होंने एक-एक ठेले पर जाकर न केवल व्यंजनों का स्वाद चखा, बल्कि वहां के व्यवसायियों के प्रयासों और उनके स्वादिष्ट पकवानों की खुलकर सराहना भी की। चौपाटी में उमड़ी भीड़ और उत्साह को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और इसे कवर्धा शहर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

### चौपाटी में स्वच्छता, पेयजल व अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई

नपाअध्यक्ष ने कहा कि शहर में अव्यवस्थित रूप से फैल रहे फुटपाथ व्यापार को एक व्यवस्थित रूप देने के साथ-साथ विक्रेताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। चौपाटी में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों दोनों को सुविधा मिलेगी। इस पहल से जहां एक ओर शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर फुटपाथ विक्रेताओं को सम्मानजनक और स्थायी आजीविका का अवसर प्राप्त होगा। फुटपाथ विक्रेताओ ने भी इस व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे शहर के विकास की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंनें बताया कि नव निर्मित चौपाटी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां शहरवासियों को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे। इससे न केवल लोगों को विविध खान-पान का आनंद मिलेगा, बल्कि यह स्थान शहर के लिए एक नया फूड हब बनकर उभरेगा। इस चौपाटी के निर्माण से शहरवासियों को काफी सहूलियत होगी और यह स्थान आगे चलकर कवर्धा का प्रमुख आकर्षण बनेगा।

# सरकारी स्कूलों की फीस वृद्धि पर जताया विरोध

## प्रदेश के कई स्कूलों की स्थिति आज भी चिंताजनक है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ में सरकारी स्कूलों की फीस बढ़ाने के निर्णय को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। एनएसयूआई बोड़ला ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल ने इसे जनविरोधी निर्णय बताते हुए कहा कि सरकार एक ओर शिक्षा को बढ़ावा देने और सब पढ़े-सब बढ़े जैसे बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर गरीब, किसान, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का काम कर रही है।

दुर्गेश जायसवाल ने कहा कि सरकारी स्कूल उन परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा का सबसे बड़ा माध्यम हैं, जो निजी स्कूलों की महंगी फीस वहन करने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे समय में फीस बढ़ाने का निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और छात्र हितों के खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आवश्यकता शिक्षा के स्तर में सुधार करने की है, न कि विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों पर फीस का बोझ बढ़ाने की। प्रदेश के कई सरकारी स्कूलों की स्थिति आज भी चिंताजनक बनी हुई है। कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, तो कहीं भवन जर्जर स्थिति में हैं। कई जगह विद्यार्थियों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था नहीं है। प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल सामग्री और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव देखा जा रहा है।

### बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर कोई ठोस व्यवस्था नहीं

एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा विभाग की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए कोई ठोस व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही है। हजारों सरकारी स्कूल बंद होने की स्थिति में हैं, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। जिन विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिलनी चाहिए, वे आज अव्यवस्था और लापरवाही का सामना कर रहे हैं।

### फीस बढ़ाने के बजाय स्कूलों को बेहतर किया जाए

दुर्गेश जायसवाल ने कहा कि सरकार को फीस बढ़ाने के बजाय सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। योग्य शिक्षकों की नियुक्ति, आधुनिक शिक्षा व्यवस्था, डिजिटल सुविधाएं, पुस्तकालय, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की कि सरकार गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए फीस वृद्धि के फैसले को तत्काल वापस ले।

### प्री-डीएलएड परीक्षा 4 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छग व्यापम के माध्यम से प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 4 जून को होगा।

# बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय का अभाव सड़क किनारे इंतजार की बनी मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायतों में शामिल पोंड़ी गांव के बस स्टैंड में आज तक यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं हो सका है। इसके अभाव में ग्रामीणों, यात्रियों, विद्यार्थियों और बुजुगों को बसों का इंतजार सड़क किनारे या आसपास की दुकानों के सामने खड़े होकर करना पड़ता है।

वर्तमान समय में गर्मी के मौसम में यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। पोंड़ी गांव हाईवे किनारे स्थित होने के कारण यहां लोगों की आवाजाही लगातार बनी रहती है।

इसी मार्ग से मध्यप्रदेश के जबलपुर व बिलासपुर जैसे प्रमुख शहरों के लिए रास्ता जाता है, जिससे रोजाना बड़ी संख्या में यात्री बस स्टैंड पहुंचते हैं। बावजूद इसके यहां मूलभूत सुविधा के रूप में यात्री प्रतीक्षालय नहीं होना चिंता का विषय है।

### फायरमैन की लिखित भर्ती परीक्षा 19 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

फायरमैन पदों के लिए लिखित भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। भर्ती परीक्षा की संभावित तिथि 19 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थी व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 जून तय की गई है। भर्ती परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की जाएगी।

# उप-स्वास्थ्य केंद्र कोलेगांव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) का दर्जा देने की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोलेगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित होता है, तो आसपास के 20 से 25 गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित हैं, जहां पहुंचने के लिए लगभग 8 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। ऐसे में मरीजों एवं ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

यदि कोलेगांव स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिलता है, आसपास क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में उप स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं की जांच, शुगर, बीपी, टीकाकरण जैसी सीमित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। लेकिन सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, सर्दी-खांसी, शरीर दर्द, इंजेक्शन एवं अन्य प्राथमिक उपचार की समुचित सुविधा नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र में अभी दो नर्स एवं एक डॉक्टर पदस्थ हैं, लेकिन डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने एवं सभी प्रकार की उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

# आंधी-तूफान में उड़ा सौर ऊर्जा सिस्टम, नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के बसनी गांव हाई स्कूल मैदान में हैंडपंप हेतु लगाया गया लाखों रुपए का सौर ऊर्जा आधारित सिंटेक्स सिस्टम आंधी-तूफान के चलते क्षतिग्रस्त होकर मैदान में पड़ा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार पानी की समस्या को देखते हुए शासन द्वारा यह व्यवस्था की गई थी, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके।

बताया जा रहा है कि लगभग एक सप्ताह पहले आए तेज आंधी-तूफान में सिंटेक्स में लगा सोलर पैनल उड़कर मैदान में गिर गया, जिसके बाद से वह खुले में ही पड़ा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि अब तक संबंधित विभाग या जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इसकी सुध नहीं ली गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए लाखों रुपए खर्च कर यह व्यवस्था की गई थी, लेकिन देखरेख के अभाव में यह अब केवल शोपीस बनकर रह गया है। खुले मैदान में पड़े सौर ऊर्जा उपकरण के खराब होने या चोरी होने की भी आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षतिग्रस्त सौर ऊर्जा सिस्टम को सुरक्षित किया जाए तथा जल्द मरम्मत कर पुनः चालू कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को इसका लाभ मिल सके और सरकारी राशि का सही उपयोग हो सके।

## नेशनल हाईवे व पुलों पर डेरा, चालक परेशान तो किसान बेहाल

# सड़कों पर मवेशियों का कब्जा, बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिले के नेशनल मार्ग और ग्रामीण संपर्क सड़कों पर इन दिनों मवेशियों का जमावड़ा लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। सड़क और पुलों के बीचों-बीच बड़ी संख्या में मवेशियों के खड़े और बैठे रहने से वाहन चालकों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं दूसरी ओर खुले घूम रहे मवेशी किसानों की हरी-भरी और पकने को तैयार फसलों को नुकसान पहुंचाकर उनकी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। ग्राम जोराताल, सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला, नेवारी, जमुनिया, डबराभाट और जेवडन खुर्द से होकर गुजरने वाले नेशनल मार्ग और रवेली चौक क्षेत्र में यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। सकरी नदी पर बने पुल सहित कई प्रमुख सड़कों पर दिन-रात मवेशियों का डेरा लगा रहता है। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहन चालकों को अचानक सड़क पर बैठे या खड़े मवेशियों के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार मवेशी आपस में लड़ने लगते हैं और अचानक सड़क पर दौड़ पड़ते हैं, जिससे चलती गाड़ियों से टकराव हो जाता है। ऐसी स्थिति में बाइक चालक सहित अन्य वाहन चालक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो जाते हैं। लोगों से भरी सवारी गाड़ियां, जीप, छोटा हाथी और ट्रक चालक भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। कई बार सड़क पर जाम जैसी स्थिति बन जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी हो या बरसात, पशुपालक अपने मवेशियों को खुले में छोड़ देते हैं। यही मवेशी सड़क किनारे खेतों में घुसकर किसानों की फसलों को प्रतिदिन नुकसान पहुंचा रहे हैं। हरे-भरे और परिपक्व हो रहे धान, सब्जी व अन्य फसलें मवेशियों के कारण बर्बाद हो रही हैं, जिससे किसान आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं।



### मवेशियों को खुले में छोड़ने पर रोक लगाई जाए

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मवेशियों को सड़क और पुलों से हटाने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि बेजुबान जानवर सही और गलत का फैसला नहीं कर सकते, इसलिए उनके मालिकों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पशुपालकों पर कार्रवाई कर मवेशियों को खुले में छोड़ने पर रोक लगाई जाए। ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या: 10वीं-12वीं परीक्षा शुल्क में भारी वृद्धि, पालकों पर बढ़ेगा आर्थिक दबाव**

# बढ़ती महंगाई के बीच सरकारी स्कूलों के शुल्क में की गई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एक ओर वैश्विक संकट का हवाला देते हुए केन्द्र सरकार लगातार पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, रसोई गैस और खाद जैसी आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ा रही है। स्थिति यह है कि बीते 15 दिनों के भीतर पेट्रोल और डीजल के दामों में चार बार बढ़ोतरी हो चुकी है।

इसका सीधा असर अन्य वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ रहा है और आम आदमी लगातार महंगाई के बोझ तले दबता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर लोगों को राहत देने के बजाय राज्य सरकार भी आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालती नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए हाईस्कूल कक्षा 10 वीं और हायर सेकेंडरी कक्षा 12 वीं की नियमित परीक्षा फीस 460 रुपये से बढ़ाकर 800 रुपये कर दी है। इस बढ़ोतरी के बाद परीक्षा शुल्क लगभग दोगुना हो गया है। यदि पिछले शैक्षणिक सत्र 2025-26 से तुलना करें तो परीक्षा शुल्क में 340 रुपये की वृद्धि की गई है। नए निर्धारित शुल्कों के अनुसार नियमित परीक्षा शुल्क 280 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये, अंकसूची शुल्क 80 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये, प्रायोगिक परीक्षा शुल्क प्रति विषय 23 रुपये से बढ़ाकर 110 रुपये तथा आवेदन पत्र शुल्क 80 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य मदों और विलंब शुल्क में भी आंशिक वृद्धि की गई है। इतना ही नहीं, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्कूलों के वार्षिक शुल्क में भी आंशिक बढ़ोतरी किए जाने की जानकारी सामने आई है।

### जनभागीदारी शुल्क के नाम पर वसूली




वहीं सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों से शाला विकास शुल्क के नाम पर भी अतिरिक्त राशि वसूली जाती है। माना जा रहा है कि लगातार बढ़ती महंगाई के इस दौर में फीस और विभिन्न शुल्कों में की गई वृद्धि से विद्यार्थियों और उनके पालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसे लेकर एनएसयूआई सहित विभिन्न छात्र संगठनों ने माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं स्कूल शिक्षा विभाग से शुल्क वृद्धि वापस लेने की मांग की है।

### शिक्षा शुल्क में की गई बढ़ोत्तरी दुर्भाग्य पूर्णः अमन

एनएसयूआई जिला महासचिव अमन वर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूल उन परिवारों की आखिरी उम्मीद होते हैं जो निजी स्कूलों की महंगी फीस नहीं भर सकते। ऐसे समय में फीस वृद्धि का निर्णय छात्रों और अभिभावकों के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा को सेवा नहीं बल्कि व्यापार बनाने में लगी हुई है। पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहे अभिभावकों पर अब स्कूल फीस बढ़ाकर नया बोझ थोपा जा रहा है। अमन वर्मा ने सरकार से मांग की है कि इस फैसले को तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा एनएसयूआई छात्र-हित और जनहित में सड़क से लेकर आंदोलन तक संघर्ष करेगी।

# 20 लीटर महुआ शराब व 40 किलो लहान जब्त

## आबकारी विभाग की टीम ने की कार्यवाही

- घर में बनाई जा रही थी कच्ची शराब, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में आबकारी वृत्त पंडरिया की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बदौरा थाना पंडरिया क्षेत्र में छापामार कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब एवं महुआ लहान बरामद किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 25 मई 2026 को आबकारी विभाग द्वारा ग्राम बदौरा में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी दशरथ पंद्राम पिता सुखमतिया पंद्राम निवासी ग्राम बदौरा को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्त में आए आरोपी के पास से 20 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब तथा लगभग 40 किलोग्राम महुआ निर्माण योग्य लहान जब्त किया गया।



### आरोपी के खिलाफ दर्ज किया गया प्रकरण

जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 4 हजार रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक 01 कायम करते हुए छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व आबकारी उप निरीक्षक अभिनव आनंद बख्शी ने किया। कार्रवाई में परि. आबकारी उप निरीक्षक नवराती कुजूर, चंद्रकुमार नेताम, रिखी राम, आबकारी मुख्य आरक्षक विद्या सिंह परमार, कमल मेश्राम तथा आबकारी आरक्षक इम्तियाज खान की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। विभाग की इस कार्रवाई को अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### परियोजनाओं के सर्वे कार्य हेतु राशि स्वीकृत

कवर्धा। जल संसाधन विभाग द्वारा जिले की दो जलाशय योजनाओं के सर्वेक्षण कार्य के लिए 3 करोड़ 95 लाख 08 हजार रुपए की राशि स्वीकृत किए हैं। इसमें पंडरिया ब्लॉक की हाफ नदी में बकेला मध्यम जलाशय परियोजना के सर्वेक्षण के लिए 1 करोड़ 54 लाख 51 हजार रुपए, बोड़ला ब्लॉक की नीर नदी में नीर मध्यम जलाशय परियोजना के सर्वेक्षण कार्य के लिए 2 करोड़ 40 लाख 57 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। काम पूरा होने से राहत होगी।

### पदों की लिखित भर्ती परीक्षा 19 जुलाई को

कवर्धा। प्रदेश के नगर सेना अग्निशमन आपातकालीन सेवा व एसडीआरएफ अंतर्गत फायरमैन पदों की लिखित भर्ती परीक्षा होगी। परीक्षा व्यापमं द्वारा ली जाएगी। इसे लेकर व्यापमं के वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए है, जिसकी अंतिम तारीख 5 जून है। परीक्षा की संभावित तारीख 19 जुलाई है।

### प्रवेश परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी किया गया

कवर्धा। हाल में आयोजित की गई प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 की परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए है। इस संबंध में संबंधित विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। 10 मई रविवार को आयोजित हुई परीक्षा के मॉडल उत्तर वेबसाइट एकलव्य ओगेनिक इन पर उपलब्ध कराए गए है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी संबंधित विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# समय सीमा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों और जनहित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने उचित मूल्य दुकानों से मई के साथ जून माह के चावल वितरण को इस माह के अंत तक शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी कि सभी पीडीएस दुकानों में चावल भंडारित किया जा चुका है तथा हितग्राहियों को सूचना देकर वितरण कार्य निरंतर कराया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि निजी अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले ऐसे मरीज, जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनका अनिवार्य रूप से कार्ड बनाया जाए। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों की मैपिंग कर विशेष शिविरों के माध्यम से शीघ्र लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जल संचयन अभियान के अंतर्गत सोक पीट एवं अन्य जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण को लेकर कलेक्टर ने पंचायत, नगरीय निकाय, वन, कृषि सहित संबंधित विभागों को व्यापक स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने व्यक्तिगत कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया।

# धान उठाव में लापरवाही, कार्यवाही के निर्देश

- धान उठाव और अंतिम निराकरण में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खरीफ विपणन वर्ष 2026 के तहत जिले में धान के उठाव एवं अंतिम निराकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और उपार्जन केंद्र प्रभारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि धान उठाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रबंधकों एवं उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि भौतिक रूप से उपलब्ध धान का तीन दिनों के भीतर अंतिम निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उपार्जन केंद्रवार समीक्षा करते हुए कहा कि उपलब्ध धान का जीरो शॉर्टेज के साथ उठाव कर लेखा मिलान कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन केंद्रों में धान की मात्रा अधिक है, वहां मिलर्स के साथ समन्वय स्थापित कर 29 मई के पहले संपूर्ण धान का उठाव किया जाए।



साथ ही सभी उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त संख्या में हमाल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए ताकि उठाव कार्य प्रभावित न हो। कलेक्टर ने यह भी कहा कि जिन केंद्रों में धान की शॉर्टेज अधिक पाई जाए, वहां तत्काल जांच कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए तथा नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने धान उठाव कार्य में लापरवाही बरतने पर कामठी उपार्जन केंद्र के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में खाद्य अधिकारी चंद्रशेखर देवांगन, उपायुक्त सहकारिता जीएस शर्मा, सहायक खाद्य अधिकारी मदन मोहन साहू सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर पंचायत स.लोहारा में उप चुनाव प्रचार का शोर शुरू




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पंचायत स.लोहारा में अध्यक्ष पद के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर अब दोनो ही प्रमुख राजनैतिक दलों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं।

भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जहां अपनी प्रत्याशी सरीता मिश्रा को जीत दिलाने डोर टू डोर संपर्क कर रही है वहीं कांग्रेस भी अपने प्रत्याशी रोशन वैष्णव के पक्ष में माहौल बनाने में जुटी हुई है।

इसी कड़ी में जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल एवं शहर के वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार किया गया। चुनाव प्रचार के मामले में निर्दलीय प्रत्याशी भी पीछे नहीं है और वे भी जोर लगा रहे हैं। कुल मिलाकर नगर पंचायत स. लोहारा में अब चुनाव प्रचार तेज होते जा रहा है।

# सुदामा चरित्र से मिलती है सच्ची मित्रता और भक्ति की प्रेरणाः आचार्य लोकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा नगर स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह महापुराण कथा में श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता से ओतप्रोत होने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

इस पावन यज्ञ के यजमान प्रेमनारायण शर्मा हैं तथा कथा का वाचन आचार्य लोकेश्वर प्रसाद मिश्र के श्रीमुख से किया जा रहा है। कथा के आठवें दिन आचार्य श्री ने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे प्रेम, त्याग और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। निर्धनता में जीवन व्यतीत कर रहे सुदामा जब अपने बालसखा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनका अत्यंत आदर और स्नेह के साथ स्वागत किया। सुदामा द्वारा लाए गए थोड़े से चिवड़े को भी भगवान ने बड़े प्रेमपूर्वक ग्रहण किया और बिना मांगे ही उनके समस्त कष्ट दूर कर दिए।



आचार्य श्री ने कहा कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत, ऊंच-नीच और अहंकार का कोई स्थान नहीं होता। भगवान केवल प्रेम और भक्ति के भूखे होते हैं। सुदामा चरित्र हमें सादगी, विनम्रता, सच्ची मित्रता और भगवान पर अटूट विश्वास रखने की प्रेरणा देता है। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

आयोजन प्रेम नारायण शर्मा एवं समस्त शर्मा परिवार द्वारा किया जा रहा है।

# वनांचल के जरूरतमंदों को वितरित गई चरण पादुकाएं




- बोड़ला महाविद्यालय प्रशासन ने आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

समाजशास्त्र विभाग स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के वंचित समुदायों में सामाजिक सेवा और जनजागरण के उद्देश्य से चप्पल चरण पादुका वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बच्चों और महिलाओं को आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा विद्यार्थियों में समानुभुति और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना। कार्यक्रम का आयोजन बैगा टोला में किया गया, जहां समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने स्थानीय बैगा जनजाति के बच्चों और परिवारों को चप्पलें वितरित कीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ग्रामीण जीवन, सामाजिक संरचना और जनजातीय संस्कृति का प्रत्यक्ष अध्ययन भी किया।

इस सामाजिक पहल में महाविद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार पाठक, आईक्यूएसी प्रभारी सनत कुमार देवांगन, विभागाध्यक्ष राकेश कुमार गौतम, अतिथि प्राध्यापक पुखराज भारद्वाज तथा समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जनजातीय समुदाय के साथ संवाद स्थापित किया और सहयोग का संदेश दिया।

प्राचार्य उमेश कुमार पाठक ने विद्यार्थियों को समाज में सेवा भावना और संवेदनशीलता बनाए रखने का संदेश दिया। विभाग प्रभारी सनत देवांगन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यवहारिक समाजशास्त्र की समझ प्रदान करते हैं।

विभागाध्यक्ष राकेश गौतम ने विभागीय गतिविधियों में सेवाभाव को बढ़ाकर उत्कृष्ट नागरिक बनने का संदेश दिया। अतिथि प्राध्यापक पुखराज भारद्वाज ने विद्यार्थियों को ग्रामीण अध्ययन को जीवन से जोड़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और स्थानीय समुदाय ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की।

ज्ञात हो कि पूर्व में भी शासकीय महाविद्यालय के समाज शास्त्र विभाग द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए शरबत वितरण का आयोजन किया गया था। समाजशास्त्र विभाग भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**टीचर्स एसोसिएशन के पत्र के बाद डीईओ आया एक्शन मोड में**

# शिक्षकों की सेवापुस्तिका संधारण 15 जून तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में शिक्षकों की बीस-पच्चीस साल की सेवा के बाद भी सेवापुस्तिका का सत्यापन अब तक नहीं कराये जाने के मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन द्वारा विगत 20 मई को पत्र सौंपे जाने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अब एक्शन मोड पर आ गए हैं। डीईओ ने एसोसिएशन की पत्र प्राप्ति के दूसरे दिन 21 मई को इस संबंध में सभी डीडीओ को निर्देश दिया था।

अब डीईओ ने 26 मई को समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी व डीडीओ प्राचार्य के नाम पुनः पत्र जारी कर सेवापुस्तिका का अद्यतन संधारण करने के लिए 15 जून तक का समय दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि डीईओ द्वारा जारी पत्र में जिले के सभी शिक्षकों की सेवापुस्तिका को पंद्रह जून तक पूर्णतः अद्यतन संधारित कर डीडीओ को स्वयं हस्ताक्षर करने का निर्देश दिया है। इसके बाद अद्यतन सेवापुस्तिका आगामी 30 जून तक प्रथम चरण में स्थानीय निधि संपरीक्षक राजनांदगांव को सत्यापन हेतु अनिवार्यतः प्रेषित करने का निर्देश दिया गया है।

स्थानीय निधि संपरीक्षक राजनांदगांव से सत्यापन उपरांत सेवापुस्तिकाएँ द्वितीय चरण में संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन दुर्ग को अंतिम सत्यापन के लिए प्रेषित करने का उल्लेख किया है।




### विलंब के लिए डीडीओ होंगे जिम्मेदार

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि डीईओ ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि सेवापुस्तिका का अद्यतन संधारण एवं सत्यापन में विलंब के लिए डीडीओ अर्थात विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य जिम्मेदार होंगे तथा निर्देशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि सेवापुस्तिका का अद्यतन संधारण व सत्यापन का कार्य डीडीओ द्वारा कराया जाता है। इस कार्य मे विलम्ब को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के नियम-9 का उल्लंघन माना जाता है।

### अफवाहों से दूर रहें शिक्षक

टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिले के शिक्षकों को सेवापुस्तिका संधारण व सत्यापन में पैसे लगने की अफवाहों से दूर रहने की सलाह दिया है। शिक्षक इस बात का ध्यान रखें कि इस कार्य में किसी प्रकार से पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं हैं। यदि किसी के द्वारा सेवापुस्तिका संधारण या सत्यापन के नाम से पैसे की मांग किए जाने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों को लिखित सूचना दें या एसीबी अर्थात एन्टी करप्शन ब्यूरो को सूचित करें।

### महिलाओं को दिया जा रहा है सिलाई प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला सशक्तिकरण एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए जिले में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से अनेकों गतिविधियां प्रारंभ की गई है।

कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत द्वारा बिहान योजना के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और महिला सशक्तिकरण के लिए एक ही छत के नीचे लाकर आजीविका के नए स्त्रोतों से जोड़ने प्रयास हो रहा हैं। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल की पहल पर कबीरधाम जिले में शाही एक्सपोर्ट संस्था द्वारा 35 स्व-सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों के लिए 24 अप्रैल से 45 दिवसीय व्यवसायिक सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।


छत्तीसगढ़ प्रदेश चंदनिया कुर्मी समाज
एवं चन्द्राकर युवा समिति के
नवनिर्मित भवन कुण्डा के भव्य
लोकार्पण समारोह
में पधारे समस्त अतिथियों का
स्वागत वंदन
अभिनंदन...
विनीत : चंदनिया कुर्मी क्षत्रिय समाज छ.ग.